राष्ट्रीय हिंदी/अंग्रेज़ी दैनिक

# मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, एनसीआर, नूंह से प्रकाशित | संपादक अभयसिंह सैनी | 9992904845,8059956005

वर्ष : 03 | अंक : 79 | नूंह, शुक्रवार 20 दिसंबर 2024 | आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 | मूल्य : 2 रूपए | पेज : 08 | mewatnewsexpress11@gmail.com

# केजरीवाल ने नीतीश और नायडू को लिखी चिट्ठी : बाबा साहेब को चाहने वाले भाजपा का समर्थन न करें

आंबेडकर विवाद पर राजनीति गरमाई

राज्यसभा में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को लेकर अमित शाह के दिए बयान ने देश की सियासत में उबाल ला दिया है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल इसे लेकर शाह और पूरी भाजपा पर हमलावर हैं। इस मामले में सभी अपने-अपने समीकरण साध रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को लेकर अमित शाह के दिए बयान ने देश की सियासत में उबाल ला दिया है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल इसे लेकर शाह और पूरी भाजपा पर हमलावर हैं। इस बीच दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एनडीए के साथी दलों जेडीयू और टीडीपी के मुखिया नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने दोनों नेताओं से कहा कि लोगों को लगता है कि बाबा साहेब को चाहने वाले भाजपा का समर्थन नहीं कर सकते। आप भी इसपर विचार करें। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने संसद में बाबा साहेब का अपमान किया है।



सीएम नीतीश को पत्र


## यह प्रतिष्ठा का सवाल, लोगों की भावनाएं आहत हुई



बिहार के सीएम नीतीश कुमार को लिखे पत्र में केजरीवाल ने कहा कि मैं आपको यह पत्र एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर लिख रहा हूं,जो न केवल हमारे संविधान बल्कि बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिष्ठा से भी जुड़ा है। केजरीवाल ने आगे लिखा कि हाल ही में संसद में,देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बाबासाहेब के नाम पर जो टिप्पणी की, उसने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। उनका यह कहना कि आंबेडकर...आंबेडकर बोलना आजकल फैशन बन गया है न केवल अपमानजनक है, बल्कि भाजपा की बाबासाहेब और हमारे संविधान के प्रति सोच को उजागर करता है। उन्होंने भारत के संविधान को रचा और समाज के सबसे वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने का सपना देखा,उनके बारे में ऐसा कहने का साहस आखिर भाजपा ने कैसे किया? इस से देश भर में करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

चंद्रबाबू से कहा

## शाह की टिप्पणी ने देश को स्तब्ध कर दिया



केजरीवाल ने इसके अलावा एनडीए के प्रमुख दल तेलगु देशम पार्टी के मुखिया और आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू को भी पत्र लिखा है। केजरीवाल ने नायडू को लिखा कि मैं आपको यह पत्र एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर लिख रहा हूं,जो न केवल हमारे संविधान से जुड़ा है,बल्कि बाबा साहेब अंबेडकर के सम्मान और विरासत से भी जुड़ा है। हाल ही में संसद में, देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब के बारे में की गई टिप्पणी ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर-अंबेडकर बोलना आजकल फैशन बन गया है। यह टिप्पणी न केवल अपमानजनक है,बल्कि भाजपा के बाबा साहेब और हमारे संविधान के प्रति दृष्टिकोण को भी दर्शाती है।

## वंचित वर्गों को समान अधिकार दिलाया



बाबा साहेब आंबेडकर को कोलंबिया विश्वविद्यालय ने 'डॉक्टर ऑफ लॉस' की उपाधि से सम्मानित किया था। उन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण किया और समाज के सबसे वंचित वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। ऐसे में भाजपा को उनके बारे में ऐसी टिप्पणी करने की हिम्मत कैसे हुई? इससे देश भर में करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। अमित शाह ने अपने बयान के लिए माफी मांगने की बजाएउसे सही ठहराया। प्रधानमंत्री जी ने सार्वजनिक रूप से अमित शाह जी के बयान का समर्थन किया,जिससे चोट पर नमक छिड़कने का काम हुआ।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ को अहम पद देने की अटकलें



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को मोदी सरकार राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष बना सकती है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने आयोग के अगले अध्यक्ष का चयन करने के लिए बैठक की। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी थे।

### नरसिंहानंद सुप्रीम कोर्ट तक करेंगे पैदल मार्च



**हरिद्वार।** प्रशासन ने हरिद्वार में धर्म संसद की अनुमति नहीं दी। यति नरसिंहानंद ने धर्म संसद बुलाने का ऐलान किया था। प्रशासन के रुख पर नरसिंहानंद ने नाराजगी जताई। उन्होंने अगर बांग्लादेश में हिंदू मरता है तो क्या रोने का अधिकार नहीं है? वे 21 को जूना अखाड़े से सुप्रीम कोर्ट तक पैदल मार्च करेंगे। अत्याचार पर बोलने का हमें हक नहीं है।

### अजय जनेऊ दिखा बोले 24 कैरेट ब्राह्मण हूं



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित कांग्रेस कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ता प्रभात पांडेय की मौत पर सियासत गर्मा रही है। गुरुवार को गोरखपुर में प्रभात का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी पहुंचे। यहां पर वह भड़क गए। अपना जनेऊ दिखाते हुए कहा कि यह देख लो, हम 24 कैरेट ब्राह्मण हैं।

### राहुल किसी को धक्का नहीं दे सकतेः उमर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने राहुल गांधी का बचाव किया है। अब्दुल्ला ने भाजपा के दावों को खारिज करते हुए कहा कि मैं राहुल को जानता हूं। वेकिसी को धक्का नहीं दे सकते हैं, वह किसी के साथ असभ्य व्यवहार करने वाले व्यक्ति नहीं हैं। सड़क पर भी धक्का नहीं दे सकते।

## राहुल का आरोप- अडाणी मामले से ध्यान भटका रही भाजपा

केंद्रीय मंत्री शिवराज ने किया विपक्ष पर पलटवार

# मारपीट तुम करो, ध्यान हम भटकाएं वे नेता प्रतिपक्ष बनने के काबिल नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाबा साहेब आंबेडकर के अपमान से संबंधित मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आद संसद भवन परिसर में धक्का-मुक्की हो गई। इस दौरान भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए। भाजपा ने इस धक्का-मुक्की के लिए राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया। इस बीच केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने इस मामले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कांग्रेस पर सदन के भीतर अस्भयता करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने बताया कि राहुल गांधी जान-बूझकर सांसदों के पास गए। वे गुंडे जैसा व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में भाजपा उचित कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बनने के लायक नहीं हैं।आज जब भाजपा सांसद मकर द्वार पर विरोध कर रहे थे, तो राहुल गांधी वहां आ गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अंदर जाने के लिए दूसरी जगह का इस्तेमाल करने को कहा। लेकिन वे जान-बूझकर वहां आए।

**राहुल ने जो भी किया वह अकल्पनीय**

कांग्रेस के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने अभी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हमें लगा कि वे आज जो कुछ भी किया उसके लिए माफी मांगेंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। मुझे समझ नहीं आया कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों की? उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका अहंकार झलक रहा था। मैं उनका व्यवहार देख रहा था। लेकिन गुरुवार को राहुल गांधी ने जो किया वह सभ्य समाज के लिए अकल्पनीय है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस करके चौहान ने कहा राहुल जान-बूझकर सांसदों के पास गए




### क्या संसद में तर्क की जगह बाहुबल का इस्तेमाल होगा?

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि हमारे सांसदों ने शिकायत दर्ज कराई। भाजपा इस मामले में उचित कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी गुंडे जैसा व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने वहां धक्का-मुक्की की। हमारे वरिष्ठ सांसद प्रताप सारंगी गिर गए और उन्हें सिर पर चोट लगी। वे आईसीयू में भर्ती हैं और उनका इलाज जारी है। वे बेहोश थे। उनका एमआरआई स्कैन कराया जा रहा है। क्या संसद में तर्क की जगह बाहुबल का इस्तेमाल होगा? हमारी आदिवासी सांसद फांगनोन कोन्याक ने जो कुछ भी कहा कि हम उससे दुखी हैं। उन्होंने राज्यसभा के सभापति से इसकी शिकायत की। उनके साथ अनुचित दुर्व्यवहार किया गया। सभापति ने बताया कि वह रोते हुए उनके पास पहुंचीं।

कोन्याक के गंभीर आरोप


### मेरी गरिमा और आत्मसम्मान को गहरा आघात पहुंचा



नगालैंड से भाजपा की महिला सांसद एस.फांगनॉन कोन्याक ने राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इसके लिए राज्यसभा के चेयरमैन जगदीप धनखड़ को पत्र भी लिखा है। फांगनॉन पी.कोनयाक ने कहा कि मेरी गरिमा और आत्मसम्मान को गहरा आघात पहुंचा है। जो कुछ हुआ वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए था। राज्यसभा में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी ये मुद्दा उठाया और राहुल गांधी की आलोचना की। राज्यसभा सांसद एस.फांगनॉन पी.कोनयाक ने मीडिया से बात करते हुए बताया किराहुल गांधी करीब आए...मुझे अच्छा नहीं लगा और उन्होंने चिल्लाना शुरू कर दिया। जो कुछ हुआ वह बहुत दुखद है,ऐसा नहीं होना चाहिए था। हमें उनकी धमकी देने वाली भाषा पसंद नहीं आई।

निशिकांत का राहुल पर वार

### गुंडागर्दी करते हो, एक बूढ़े को धक्का मारते हो



इस मामले पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में कह रहे हैं कि गुंडागर्दी करते हो, बूढ़े को धक्का मारते हो। इंसानियत नहीं है। इस पर राहुल गांधी का जवाब आता है, और वे कहते हैं कि इतना सा ही है। राहुल ने यह भी कहा कि इन्होंने भी मुझे धक्का दिया था। जिस पर भाजपा सांसद भड़क जाते हैं और जोर-जोर से चिल्लाने लगते हैं। भाजपा सांसदों के गुस्सा दिखाने के बाद राहुल गांधी चले जाते हैं।

राहुल के बचाव में उतरीं प्रियंका



## अमित शाह को बचाने की कोशिश

# भाजपा को दी चुनौती

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने गुरुवार को भाजपा और उसके सांसदों पर जमकर निशाना साधा। प्रियंका ने उन सांसदों को संसद भवन परिसर में 'जय भीम' का नारा लगाने की चुनौती दी, जो उनकी पार्टी पर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगा रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को यह भ्रम नहीं होना चाहिए कि भाजपा संविधान की रक्षा कर रही है, क्योंकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भाषा उनके असली चेहरे को दिखाती है। यह सब अमित शाह को बचाने के लिए किया जा रहा है।

प्रियंका ने कहा कि हम रोज सुबह 10 से 11 बजे तक विरोध प्रदर्शन करते हैं, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। यह सब एक साजिश है। जो हमें रोक रहे थे, हमने उनसे कहा था कि जय भीम बोलकर दिखाएं। हमने कुछ नहीं कहा, बस अपने संविधान के लिए नारे लगाए। अगर इस देश के लोग सोचते हैं कि ये लोग संविधान की रक्षा कर रहे हैं, तो उन्हें भ्रम में नहीं रहना चाहिए> शाह की भाषा ने उनकी असलियत को उजागर कर दिया। मैं उन्हें चुनौती देती हूं कि यहां आकर जय भीम बोलकर दिखाएं।

कोन्याक के आरोपों पर हिबी ईडन ने लिखा बिरला को पत्र

## कोन्याक द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह मनगढ़ंत



कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने राहुल गांधी के खिलाफ दुर्व्यवहार के आरोप पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि सांसद फांगनोन कोन्याक द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह मनगढ़ंत हैं। उन्होंने बिना किसी तथ्य के राहुल गांधी पर आरोप लगाए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे गए अपने पत्र में कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने सांसद फांगनोन कोन्याक पर आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने कहा कि फांगनोन कोन्याक के ये आरोप विपक्ष के नेता की ईमानदारी को कम करने का एक दुर्भावनापूर्ण प्रयास है।

### केसी वेणुगोपाल, सुरेश और मनिकम ने भी लिखी चिट्ठी

इस मामले में केसी वेणुगोपाल, के सुरेश और मनिकम टैगोर सहित कांग्रेस सांसदों ने भी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन के सांसदों को प्रवेश करने से रोका गया। सत्ता पक्ष के तीन सांसदों ने राहुल गांधी से शारीरिक रूप से बदसलूकी की। उन्होंने कहा कि यह विपक्ष के नेता को दिए गए विशेषाधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है। सत्ता पक्ष के सांसदों का आचरण न केवल राहुल गांधी की व्यक्तिगत गरिमा पर एक जबरदस्त हमला था, बल्कि लोकतांत्रिक भावना के भी विपरीत था। पत्र में दावा किया कि वे शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

धनखड़ को पद से हटाने की मांग

## सांसदों का नोटिस खारिज उपसभापति ने बताया कारण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार हंगामा जारी है। इस बीच, विपक्ष को बड़ा झटका लगा है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस खारिज कर दिया गया है। उपसभापति का कहना है कि विपक्ष का महाभियोग नोटिस तथ्यों से परे है, जिसका उद्देश्य प्रचार हासिल करना है। विपक्ष का नोटिस जानबूझकर महत्वहीन है, उपराष्ट्रपति के उच्च संवैधानिक पद का अपमान है। यहां तक कि नोटिस को अनुचित, त्रुटिपूर्ण और मौजूदा उपराष्ट्रपति की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए जल्दबाजी में तैयार किया गया है। अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 14 दिन पहले नोटिस जरूरी होता है, जबकि संसद का शीतकालीन सत्र ही 20 दिसंबर तक चलना है।

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय का बड़ा बयान

## शिवसेना और आरएसएस हिंदुत्व के एक सूत्र से बंधे, हमारे विचार अलग

शिवसेना के संस्थापक पर कांग्रेस ज्वॉइन करने का दबाव डाला गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई



शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि आरएसएस और अविभाजित शिवसेना हिंदुत्व के एक सूत्र से बंधे हैं, लेकिन उनकी विचारधारा हमेशा अलग रही है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए संजय राउत ने कहा कि 1975 में शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे पर अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने का दबाव डाला गया था, लेकिन उन्होंने पार्टी की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए ऐसे प्रयासों को विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि शिवसेना और आरएसएस हिंदुत्व के एक सूत्र से बंधे हैं।

### शिवसेना का भाजपा में विलय कर दिया जाना चाहिए

शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य महाराष्ट्र के उप प्रमुख एकनाथ शिंदे द्वारा गुरुवार को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक डॉ. केबी हेडगेवार के स्मारक पर किए गए दौरे के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जहां उन्होंने कहा कि संघ परिवार और शिवसेना की विचारधाराएं एक जैसी हैं। इस दौरान संजय राउत ने कहा कि शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का भाजपा में विलय कर दिया जाना चाहिए।

सीएम फडणवीस ने सदन में कहा

## यहां 'लाडकी बहिन' सहित सभी योजनाएं जारी रहेंगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र विधान मंडल का शीतकालीन सत्र जारी है। इस बीच, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने 'लाडकी बहिन' योजना को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी विधानसभा में दी है। उन्होंने विधानसभा को बताया कि 'लाडकी बहिन' सहित सभी चल रही योजनाएं जारी रहेंगी। साथ ही लाड़की बहिन योजना के तहत महिलाओं के लिए दिसंबर की सहायता राशि महीने के अंत तक जमा कर दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा। फडणवीस ने कहा कि हमने राज्य चुनावों के दौरान लोकसभा अभियान के विपक्ष के नकली आख्यान को नष्ट कर दिया। विपक्ष के पास अब करने को कुछ नहीं है।

मुंबई बनेगा केंद्रशासित प्रदेश!

## कांग्रेस विधायक की मांग पर बिफरे आदित्य, हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे

शिवसेना यूबीटी और कांग्रेस में आपस में ही ठनी, दिखाया आईना

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बेलगावी और मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के मुद्दे पर शिवसेना यूबीटी और कांग्रेस में आपस में ही ठन गई है। कर्नाटक कांग्रेस के विधायक लक्ष्मण सावदी ने मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की बात कही थी। जिस पर उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे बिफर गए हैं। उन्होंने सावदी की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे किसी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आदित्य ने सहयोगी कांग्रेस से विधायक को फटकार लगाने को भी कहा। सावदी ने कहा था कि अगर महाराष्ट्र में नेता बेलगावी को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग कर रहे हैं, तो मुंबई को भी केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाना चाहिए।

### 'मराठी मानुष' ने बहाया अपना खून

एक्स पर एक पोस्ट में ठाकरे ने कहा कि मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग निंदनीय है। चाहे कांग्रेस हो या भाजपा, शिवसेना (यूबीटी) मुंबई को तोड़ने की किसी भी कोशिश को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। मुंबई हमारी मातृभूमि है, मराठी मानुस ने अपना खून बहाकर इसे हासिल किया है, मुंबई हमें किसी ने नहीं दी है।

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बाद सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

## हरियाणा और यूपी में पटाखों की बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

कार्य का असर तभी दिखेगा, जब बैन अन्य शहरों में भी लगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट में गुरुवारको दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के मामले पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान प्रदूषण को कम करने के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी अगले आदेश तक पटाखों की बिक्री पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि राजधानी में पटाखों पर पूरे साल स्टॉक और बिक्री पर रोक लगा दी है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसका असर तभी पड़ेगा, जब एनसीआर के दूसरे शहरों में भी ऐसी ही रोक हो। इसलिए यूपी और हरियाणा भी ऐसा करें। अब इस मामले में 15 जनवरी को अगली सुनवाई होगी।




### 3800 टन से अधिक अनुपचारित ठोस अपशिष्ट पर हलफनामा दें

दिल्ली के प्रदूषण पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में 3800 टन से अधिक अनुपचारित ठोस अपशिष्ट पर आश्चर्य व्यक्त किया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार और एमसीडी से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से निपटने के लिए नए उपाय अपनाने को कहा। इसके साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अनुपालन पर दिल्ली सरकार से बेहतर हलफनामा मांगा।

**निगरानी के लिए जांच टीमें बनाएं :** इस पर जजों ने कहा कि एनसीआर के राज्य पुलिस और राजस्व अधिकारियों की टीमें बनाएं। यह टीमें ग्रैप 4 पाबंदियां सही तरीके से लागू होने की निगरानी करें और कोर्ट को रिपोर्ट दें। पिछली सनुवाई में इसका भी ब्योरा मांगा था।

### सरकारों को चेतावनी दी

सुप्रीम कोर्ट ने श्रमिकों को गुजारा भत्ता न देने पर एनसीआर की सरकारों को चेतावनी दी। इसके साथ ही जीआरएपी के तीसरे चरण के तहत दिल्ली में बीएस-4 या उससे पुराने मानक वाले डीजल चालित गैर-जरूरी मध्यम आकार के मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। दिल्ली के बाहर पंजीकृत बीएस-4 या उससे पुराने मानक वाले डीजल चालित गैर-जरूरी हल्के वाणिज्यिक वाहनों को भी शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं है।

# Union Home Minister Amit Shah should be sacked and his membership of Parliament revoked

▶ Amit Shah should immediately apologize to all the people of the country



Sangareddy District December 19 : Union Home Minister Amit Shah condemned the inappropriate comments made by Dr. B.R. Ambedkar on Ambedkar in the Rajya Sabha in Sangareddy District Center under the auspices of Social Public Associations.A protest rally was held from IB to New Bus Stand, holding Ambedkar's photos and carrying placards, from IB to New Bus Stand, demanding that the Government of India remove him from office and cancel the membership of the Parliament.Amit Shah, who is serving as the Home Minister after taking oath on the Constitution of India, said that the entire Rajya Sabha condemns the inappropriate comments made by the Mahaneyu on the Constitution maker Dr. BR Ambedkar. Ambedkar has dedicated his life for the downtrodden and it is not right to speak inappropriately against such a great person, while the BJP has been paying tributes to Ambedkar from the beginning. He said that they are trying to destroy the Constitution of India and they are trying to replace the Constitution with Manuwad.Dr. BR Ambedkar demanded that Amit Shah apologize to all the people of the country for insulting him and immediately remove Amit Shah from the post of Home Minister.BC Association National General Secretary Biraya Yadav Ashok Eminent Advocate Rama Rao SC ST Monitoring Committee Members Immayya Chandrasekhar Advocate Lakshmi spoke.In this program leaders of Dalit Social Public Associations All India Ambedkar Youth Association District Honorary President B Ashok Senior Leaders Anantiah, Ramulu Lakshmaiah Jaipal Naik Rajender Naik Former Sarpanch Sagar Nagaraj Prabhudas Praveen Pawan Baswaraj Nagesh Dasu Krishna Balraj Dattu Uday Yadagiri Sagar Suresh Suresh Naik Akhil and others participated.

## TNGOS district president Md.Javid Ali paid tribute to Ambedkar



Sangareddy District. December 19 : Dr. BR Ambedkar, the founder of Constitution of India, was commemorated by garlanding the statue of Dr. B.R. Ambedkar in Sangareddy District Center under the leadership of TNGVOS District President M.D. Javid Ali.M.D. Javid Ali spoke on this occasion,Ambedkar said that India has made great progress in all fields in the last 75 years due to the constitution written by Ambedkar and has given equal rights to all the people of the country.He praised the Indian Constitution as the reason why everyone is united regardless of caste and religion. He said that all the people of India believed in Babasaheb's doctrine and will always remember Ambedkar.In this program, district associate presidents Kasini Srikanth, P. Venkata Reddy, treasurer G. Srinivas, Nirmala Rajakumari, MD. Gous Hashmi, Shakeel, Badri Prasad, Shankaraiah, Mujahid and others participated.

## PICTALK



The Publication Department of APJ Abdul Kalam Welfare Society, Hyderabad, informs that a three-day exhibition of international currency notes, coins, and rare items, stamps, paintings will be held in the historic city of Hyderabad Deccan on 23, 24, 25 December 2024 from 9 am to 7 pm. The venue will be opposite Urdu House, Asri Hospital, Mughalpura, Hyderabad, in which the exhibition of rare items from international currency notes of previous periods to national ones has been organized by Dr. APG Abdul Kalam Welfare Society. The spokesperson of the society, Mr. Syed Khwaja Qadirullah Qadri, has requested all the gentlemen to participate in this occasion. Admission will be free. For more information and details, you can contact the Secretary of the Society, Mr. Abdul Hai, Chief Engineer, on the phone number 850021230. The exhibition will be inaugurated on 23 December, in which the special guest will be a notable guest. Mir Zulfiqar Ali, Member of Assembly, Char Minar constituency, Ms. Nasreen Sultana, Corporator, Mughalpura, Mr. Kazim Hussain Khan, President, Primary Majlis Ittehadul Muslimeen, and others will also participate. Today, Kazim Hussain Khan was laid to rest by the society at the hands of Mr. Dr. Samad Usmani. On this occasion, Qari Sultan Mirza, Secretary, Congress Party, and others were also present.

## Road safety awareness for poor drivers and vehicle owners



Pragati Express/Shankar Palli : In view of the recent incidents, Shankarpally Police and RTO officials have come together to create awareness among the drivers and owners of private buses in Shankarpally at Shankarpally Police Station.

Especially when private vehicles and taxi plate vehicles belonging to other states come into Telangana state, the drivers here take the law into their own hands and stop the vehicles from neighboring states causing trouble to the passengers. Kondapur MVIK said that it is a crime under the law and if any such incidents come to their notice they should inform the concerned RTO officials who will catch them at the RTO checkposts near the interstate borders and fine them as per law. Sunita informed.Shankar Pally Police Station CI K Srinivas Goud has informed that those who stop the buses and cause trouble to the passengers will be registered and investigated and strict action will be taken against them.



TNGS Central Union, President Maram Jagadeeswar and General Secretary Dr. S. M. Hussain (Mujeeb) on the orders of Hyderabad District President Mr. S. Telangana Gazetted Officers Association President Sri. Eluru Srinivasa Rao, General Secretary A. Satyanarayana, Central Association President Maram Jagdeshwar, General Secretary Dr. Mujib started. Hyderabad District President of Gazetted Officers Association Mr. M.B. Krishna Yadav, Kendra Sangha Associate President Kasturi Venkat, Leaders Muhammad Nazir, Boligidda Shankar, Rangareddy President Sri. Laxman, City Unit Secretary Harikrishna, Former Secretary G. Prabhakar, Former Member Smt. Janaki, special guests Smt. Seema Mujeeb participated. Among the women's sports competitions held today were caroms, chess and shuttle. As part of the Swaminathan Cricket Memorial Tournament, on the third day, CRO team over the dental team, DEO team over the irrigation team, Hyderabad Youth Force team over the stamps registration, CTO over the IG team. Team, Agriculture University team won against Excise team, Central Central Library team won against Gandhi Hospital team. Hyderabad district members KR Raj Kumar, Kurradi Srinivas, Khalid Ahmed, Vaidik Shastra, Mukeem Qureshi, Sridhar Naidu, Geeta Singh, Sujata and Mohammad Waheed participated in the programme. Meal facilities were provided to all the employees who attended the sports competition program.

## Amit Shah should be sacked

▶BC Welfare Association National General Secretary Biraya Yadav



Sangareddy District December 19 : Sangareddy- National General Secretary of BC Welfare Association Biraya Yadav has demanded that Union Home Minister Amit Shah should apologize to the country for insulting Constitution maker Dr. Ambedkar in Parliament. On this occasion, a rally was organized with the Dalit Bahujan Sanghas in District Center Sangareddy and Rastaroku was held at the new bus stand. On this occasion, Birayya Yadav said that how much interest does the BJP have in the RSS, and demanded that Amit Shah, who insulted the constitution in the full house, should resign as he is unfit to continue in the post.Dalit community leaders Bindla Ashok, Rama Rao, Anantiah, Lakshya, Jaipal Naik, Rajender Naik, Anwar, Pawan, Srikanth, Akhil Dalit Bahujan leaders participated in this program.

## PICTALK



Sangareddy District. December 19: V. Srinivas Reddy nominated for the 6th time from NNR Group on behalf of Workers Union Register No. 1 in VST Parishram at the Labor Office at the Collectorate... On this occasion, VSR said that they have won the last 5 times in the VST industry and have nominated for the 6th time.We have been winning in the VST industry for the past 5 years, he said.He said that all the workers should vote for the lion symbol and win their union which works for the welfare of the workers by solving the problems of the workers. General Secretary Prabhakar Vice President Sylvester Babi, Deputy General Secretary Ravi Yadav and members Madhusudan.Krishna Srinivas Hathik Madhu Ravinder Reddy Shankar Madhusudan and others participated in the nomination program...

# Inspections on RMP First Aid Centers in Nawabuppet Mandal

▶Two first aid centers are under siege income strata.

▶ Warning for two more clinics

▶ Nawabuppet Mandal Medical Officer Dr. Rohit



Pragati Express Vikarabad : Nawabuppet Mandal Medical Officer Dr. Rohit conducted surprise inspections on first aid centers in Nawabuppet mandal center as per the orders of District Medical Officer (DMHO).On this occasion, Dr. Rohit, Medical Officer of Nawabuppet Primary Health Center said... According to the orders of DMHO, the hospitals in the mandal center and within the limits were inspected on Thursday. He said that after checking the three hospitals in Nawabuppet mandal centre, one of them, Rukmini, was identified as a first aid centre. He said that Rukmini First Aid Center was seized by treating an MBBS doctor instead of the treatment that should be done in the first aid center.He said that it is not okay to give glucose to patients without any permission and to give treatment to small children in the first aid center without permission.It is not correct to add glucose as per will. He said that the absence of a pharmacist even to give tablets to the patients during the inspection was done by the RMP. Also, a person named Kumar, who has been providing first aid in a setter for the last five years in Phul Mamidi village under the mandal, said that while he was doing medical treatment in the name of medicine, he was identified as Pake RMP and seized. When a person named Kumar was asked to show the medical certificate, he said that he did not have any certificate, and as a fake RMP was found, he said that the center had seized the medicine required for his treatment without his permission.He said that two more hospitals in Nawabuppet mandal center have been alerted. He said that if the certificate is in one's name, it is not right to provide medical treatment to another.He said that if the certificate required for medical treatment is in their name, they should do it. He warned that if a person without any certificate practices medicine, legal action will be taken. Community Health Officer Rafiq and others participated in this surprise inspection.

## हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह 20 व 21 दिसंबर को विभिन्न स्थानों पर सुनेंगे जनसमस्याएं

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरूग्राम, मोहित सैनी।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह शुक्रवार 20 दिसंबर व शनिवार 21 दिसंबर को गुरूग्राम में विभिन्न स्थानों पर आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे। प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह शुक्रवार 20 दिसंबर को प्रातः 10 बजे हरसरू, 11 बजे बामडोली, 11.30 बजे हयातपुर व दोपहर 12.30 बजे वजीरपुर में व 21 दिसंबर को सेक्टर 57 में सुशांत लोक-3 स्थित महादेव पार्क में दोपहर 3.30 बजे, शाम 4.30 बजे सेक्टर 50 में साउथ क्लोज में क्लब हाउस व शाम 5.30 बजे सेक्टर 49 में वाटिका सिटी के क्लब हाउस में आम नागरिकों की जनसमस्याएं सुनेंगे और मौके पर ही अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## एआईयूटीयूसी के 22वां अखिल भारतीय सम्मेलन का हुआ समापन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** केन्द्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी का भुवनेश्वर में आयोजित 3 दिवसीय 22वां अखिल भारतीय सम्मेलन सफ्लतापूर्वक संपन्न हो गया। हरियाणा से भी इस सम्मेलन में प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। कामरेड राजेंद्र सिंह का कहना है कि सभी प्रदेशों से 2 हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने इसमें भागीदारी की और इस खुले अधिवेशन को विश्व श्रमिक महासंघ (डब्ल्यूएफ्टीयू) के अध्यक्ष मजवानडिले माइकेल मकवायिबा, एआईयूटीयूसी के अध्यक्ष के.राधाकृष्ण, उपाध्यक्ष सत्यवान, महासचिव शंकर दासगुप्ता व सचिव मण्डल सदस्य अरूण कुमार सिंह ने सम्बोधित किया। काम के अधिकार को संविधान में मौलिक अधिकार का दर्जा दिलाने, स्कीम कर्मियों को सरकारी कर्मचारी बनाने, पुरानी पेंशन स्कीम बहाल कराने, न्यूनतम वेतन 28 हजार रुपए मासिक कराने, चारों लेबर कोड व बिजली बिल 2022 रद्द कराने का संकल्प सर्वसम्मति से पारित कर राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। सरकार की श्रमिक व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त आंदोलन स्तर-दर-स्तर मजबूत करने पर जोर दिया गया। सम्मेलन में एआईयूटीयूसी की नई ऑल इंडिया कमेटी का चुनाव किया गया। कॉमरेड के. राधाकृष्ण अध्यक्ष, कॉमरेड शंकर दासगुप्ता महासचिव व 24 अन्य पदाधिकारी, 72 कार्यकारिणी सदस्य, 95 जनरल काउंसिल सदस्य समेत 191 सदस्यों की ऑल इंडिया कमेटी बनाई गई। हरियाणा से हरिप्रकाश को सचिव मंडल सदस्य व कॉमरेड राजेंद्र सिंह व ईश्वर सिंह राठी को कार्यकारिणी सदस्य और छाजूराम रावत, सूबे सिंह यादव यादव, रामफ्ल सुहाग, पुष्पा दलाल व कृष्ण मंढाणा को जनरल काउंसिल सदस्य चुना गया।

## गुजराती काव्य में नए युग के प्रवर्तक थे साहित्यकार उमाशंकर जोशी: डा. अग्रवाल

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** साहित्य के क्षेत्र में साहित्यकारों, कवियों का बड़ा योगदान रहा है। देश की कला व संस्कृति को साहित्य के माध्यम से देशवासियों तक साहित्यकारों ने पहुंचाने का काम किया। गुजराती मूल के उमाशंकर जोशी एक प्रसिद्ध साहित्यकार रहे हैं, जिन्हें वासुकी नाम से भी जाना जाता था। उमाशंकर जोशी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डा. घमंडीलाल अग्रवाल ने कहा कि उनका जन्म गुजरात के साबरकांठा जिले में 21 जुलाई 1911 को हुआ था। उनकी औपचारिक शिक्षा खंडों में पूरी हुई। वर्ष 1930 में असहयोग आंदोलन में भाग लेने के लिए उन्होंने शिक्षा छोड़ दी थी। बाद में उन्होंने एमए की परीक्षा उत्तीर्ण की। वह प्रतिभावान कवि और साहित्यकार थे। वर्ष 1931 में प्रकाशित काव्य संकलन विश्वशांती से उनकी ख्याति एक समर्थ कवि के रूप में हो गई थी। उन्होंने साहित्य के अन्य अंगों, यथा कहानी, नाटक, उपन्यास, आलोचना, निबंध आदि की रचनाएं भी की। डा. अग्रवाल ने कहा कि आधुनिक और गांधी युग के साहित्यकारों में उनका शीर्ष स्थान है। वह गुजरात विश्वविद्यालय में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष थे। फ्रि वाइस चांसलर भी बने। उन्हें राज्यसभा का सदस्य नामित किया गया था। वर्ष 1979 में वे शांतिनिकेतन विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त किए गए। उन्हें अनेक विश्वविद्यालयों ने डी.लिट की मानद उपाधियां दीं। अग्रवाल ने कहा कि उनकी प्रमुख कृतियों में विश्वशांति, गंगोत्री, निशीथ, गुलेपोलांड, प्राचीना, आतिथ्य और वसंत वर्ष, महाप्रस्थान, अभिज्ञा, सापनाभरा, शहीद, श्रावनी मेणो, विसामो, पारंकाजण्या, गोष्ठी, उघाड़ीबारी, क्लांतकवि, म्हारासॉनेट, स्वप्नप्रयाण शामिल हैं। विश्वशांति में अहिंसा और शांति के लिए किए गए गांधीजी के प्रयत्नों की महिमा का भी उन्होंने अपनी रचनाओं में वर्णन किया। उन्हें गुजराती काव्य में नए युग का प्रवर्तक माना जाता है। जोशी को ज्ञानपीठ पुरस्कार व साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। 19 दिसम्बर 1988 को मुंबई में उनका निधन हो गया था। डा. अग्रवाल ने साहित्य के क्षेत्र में प्रयासरत युवा साहित्यकारों से आग्रह किया कि वे उमाशंकर जोशी के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें, उन्हें सफ्लता अवश्य मिलेगी।

## क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह को अंग्रेजों ने चढ़ा दिया था फांसी पर

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** काकोरी कांड के प्रमुख रहे क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए वरिष्ठ श्रमिक नेता कुलदीप जांघू ने कहा कि ठाकुर रोशन सिंह का जन्म 22 जनवरी 1892 को उत्तर प्रदेश के ख्याति प्राप्त जनपद शाहजहाँपुर में स्थित गांव नबादा में हुआ था। ठाकुर रोशन सिंह का पूरा परिवार आर्य समाज से प्रभावित था। जब गाँधीजी ने असहयोग आन्दोलन शुरू किया, तब रोशन सिंह ने उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर और बरेली जिले के ग्रामीण क्षेत्र में अद्भुत योगदान दिया था। हिन्दू धर्म, आर्य संस्कृति, भारतीय स्वाधीनता और क्रान्ति के विषय में ठाकुर रोशन सिंह सदैव पढ़ते व सुनते रहते थे। ईश्वर पर उनकी आगाध श्रद्धा थी। हिन्दी, संस्कृत, बंगला और अंग्रेज़ी इन सभी भाषाओं को सीखने के वे बराबर प्रयत्न करते रहते थे। स्वस्थ, लम्बे, तगड़े सबल शारीर के भीतर स्थिर उनका हृदय और मस्तिष्क भी उतना ही सबल और विशाल था। श्रमिक नेता ने कहा कि ठाकुर रोशन सिंह 1929 के आस-पास असहयोग आन्दोलन से पूरी तरह प्रभावित हो गए थे। वह देश सेवा की और झुके और रामप्रसाद बिस्मिल के संपर्क में आकर क्रांति पथ के यात्री बन गए। यह उनकी ब्रिटिश विरोधी और भारत भक्ति का ही प्रभाव था की वे बिस्मिल के साथ रहकर खतरनाक कामों में उत्साह पूर्वक भाग लेने लगे। काकोरी काण्ड में भी वह शामिल थे और उसी के आरोप में वह 26 सितम्बर, 1925 को गिरफ़्तार किए गए थे। उन्होंने कहा कि उन्हें गिरफ्तार कर इलाहाबाद जेल भेज दिया गया और जेल में फ़ाँसी दिए जाने का फैसला किया गया था। उन्हें यातनाएं भी सहनी पड़ी। 19 दिसम्बर 1927 को उन्हें फांसी पर लटका दिया गया था। श्रमिक नेता ने कहा कि युवाओं को ठाकुर रोशन सिंह जैसे देशभक्त क्रांतिकारियों के आदर्शों को अपनाना चाहिए, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## क्रॉस कंट्री में रिया और गीतेश ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में किया स्थान सुनिश्चित।

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

हांसी। राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का ट्रायल गांव गढ़ी के स्टेडियम में हुआ। ये ट्रायल जिला एथलीट फेडरेशन टीम द्वारा लिया गया। इसमें चयनित खिलाड़ियों की 21 दिसंबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होगी और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता होगी। ढाणा खुर्द में स्थित एस डी स्पोर्ट्स स्कूल ढाणा खुर्द के 9 बच्चों ने इसमें ट्रायल दिया ।

# समाधान शिविर से मजबूत हो रहा प्रशासन पर जनता का विश्वास: उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

- जिला स्तरीय समाधान शिविर में सुनी गई 11 शिकायतें

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी डॉ. विवेक जोशी ने आज प्रदेश में हर जिला में लगाए जा रहे समाधान शिविरों में नागरिकों की समस्याओं की समीक्षा की। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा आयोजित लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की गई। शिविर में 11 शिकायतें दर्ज हुईं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य हर व्यक्ति को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे शिकायतों को गंभीरता से लें और पात्र व्यक्तियों को राहत देने में कोई कसर न छोड़ें। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जैसी पहले आमजन और प्रशासन के बीच मजबूत संवाद स्थापित करने में



सहायक हैं। समाधान शिविर में भाग लेने वाले नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और इसे जनहित में एक प्रभावी कदम बताया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समाधान शिविर में ज्यादातर शिकायतें सामाजिक पेंशन, भूमि रिकॉर्ड, बिजली-पानी की आपूर्ति और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित रही।

# खेलों से जीवन में आता है अनुशासन व धैर्य: योगेश्वर दत्त

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** अशोक विहार फेस 3 स्थित जीएवी पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। इस आयोजन को खेल समारोह के रुप में मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुई। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ। प्रतिभागी छात्रों को पुरुस्कृत भी किया गया। स्कूल प्रबंधन के चेयरमैन नरेश कौशिक व निदेशक धर्मेंद्र कौशिक, प्रधानाचार्या शीतल शर्मा, पूनम यादव व स्टाफसदस्यों का इस आयोजन में बड़ा योगदान रहा। प्रधानाचार्या का कहना है कि इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक मुकेश शर्मा व अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती पदक विजेता योगेश्वर दत्त मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। खेलकूद गतिविधियां भी कराई गई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में अभिभावक भी शामिल हुए। मुख्य अतिथियों ने छात्रों से आग्रह किया कि शिक्षा के साथ-साथ खेल कूद में भी अवश्य भाग लेंते रहें। खेलों से जहां मानसिक विकास होता है, वहीं शारीरिक रुप से स्वस्थ भी रहा जा सकता है। खेलों से जीवन में अनुशासन व धैर्य आता है। मेहनत व समर्पण के साथ आगे बढक़र ही खिलाड़ी सफ्लता प्राप्त करते हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधन से भी आग्रह किया कि इस प्रकार के आयोजन समय समय पर होते रहने चाहिए, ताकि खेलों के प्रति छात्रों का उत्साह बढ़ सके।

## आर्थ्रोप्लास्टी सम्मेलन में 700 से अधिक प्रतिनिधियों ने लिया भाग

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** प्रथम घुटना एवं कूल्हे संशोधन आर्थ्रोप्लास्टी 3 दिवसीय सम्मेलन (आरएसी) का समापन हो गया। इस सम्मेलन में 700 से अधिक चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत दिग्गज चिकित्सकों व उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें मुख्य रुप से डॉ. अनिल अरोड़ा, डॉ. मृणाल शर्मा, डॉ. दीपक अरोड़ा, डॉ. अक्षय चंदेल, डॉ. विजय कुमार, डॉ. करुण जैन, डॉ. समर्थ मित्तल, डॉ. अतुल जैन, डॉ. विवेक शंकर, डॉ. समीर मेहता, डॉ. जुझार सिंह, डॉ. प्रदीप बगेजा और डॉ. दीपक गुप्ता सहित दिल्ली ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन (डीओए) के सदस्य आदि शामिल हुए। घुटने और कूल्हे की अत्याधुनिक सर्जरी के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई और चिकित्सकों ने अपने रिप्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किए। पैनल डिस्कशन में डॉ. जावेद परविज़ी, डॉ. लुइस जीन ब्रियार्ड, डॉ. नील पी. शेठ, डॉ. भारत मोदी, हरीश भेंडे, डॉ. हेमंत वाकांगकर, डॉ. विजय सी. बोस, डॉ. मनुज वाधवा, डॉ. अनूप झुरानी आदि शामिल रहे और सभी ने इस क्षेत्र में इस्तेमाल की जा रही नवीनतम तकनीकी से एक दूसरे को अवगत भी कराया।

## ग्रेप चार की पाबंदियां लागू, सिटीजन चार्टर का पालन करें नागरिक: उपायुक्त

- वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में जिलावासी बने भागीदार
- ऐसा कार्य न करें जिनसे धुआं व धूल पैदा होती है

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की वजह से जिला की राजस्व सीमा में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के स्टेज 4 की पाबंदियां प्रभावी हो गई हैं। वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए आम नागरिक सिटीजन चार्टर का पालन करें। स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत हमें जरूरी सावधानी बरतना जरूरी है। उन्होंने बताया कि नागरिक वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर तक होने के कारण जरूरी कार्य होने पर ही घर से बाहर आवागमन करें । अस्थमा के रोगी दवा को अपनी पहुंच में रखें, यदि कफ्सांस फूलने व बेहोशी जैसी समस्या आती है,तो चिकित्सकों के परामर्श अनुरूप दवा लें। स्वस्थ लोगों को अचानक बेहोशी जैसी समस्या आती है तो अलर्ट रहें और मास्क लगाकर ही बाहर निकलें। उपायुक्त ने बताया कि एनसीआर की हवा इस समय खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। हवा के बिगड़े कारणों की वजह से एक्यूआई का स्तर 450 को पार कर गया है। जो कि वन्य जीवों के लिए



बहुत ही खतरनाक है। प्रशासन की ओर से जिला की राजस्व सीमा में ग्रेप वन से लेकर ग्रेप चार की वर्णित पाबंदियां प्रभावी हैं। नागरिकों का आह्वान है कि ऐसा कोई कार्य न करें जिससे वायुमंडल में धूल व धुआं पंहुचे। वायु प्रदूषण फैलाने का कार्य कोई करता है, उसकी शिकायत 311 एप व समीर एप कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का उपयोग करें। वाहनों के टायरों में हवा पूरी रखें। वाहनों का प्रदूषण अंडर कंट्रोल चेक करवाते रहें। पुराने डीजल वाहनों को न चलाएं। कूड़ा करकट में आग न लगाएं। किसी भी प्रकार भवन निर्माण कार्य न करें। उन्होंने बताया कि जरूरी सामान ले जाने वाले और जरूरी सेवाओं वाले ट्रकों को राहत दी गई है। साथ ही, बीएस6 डीजल और सीएनजी व एलएनजी चलित ट्रक चल सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित विभागों को वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के सभी संभव उपाय करने को कहा गया है।

# धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए 6 जनवरी तक करें आवेदन: डीआईपीआरओ

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा की ओर से धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला के पात्र कलाकार 6 जनवरी 2025 तक धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए ई-मेल या डाक के माध्यम से सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले और अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। डीआईपीआरओ सुरेंद्र बजाड़ ने विभाग की ओर से मांगे गए आवेदन की प्रक्रिया के बारे में बताया कि चयनित कलाकार को पुरस्कार के रूप में एक लाख रूपए और प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन आगामी 6 जनवरी 2025 तक एससीओ नंबर 200-201 सेक्टर 17-सी चंडीगढ़ या डीआईपीआरफील्डएटदारटेजीमेलडॉटकाम पर ईमेल के माध्यम से विभाग को भेजे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले व्यक्ति के पास सांगियों की रचनाओं के मंच निर्देशन के लिए कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना जरूरी है। साथ ही आवेदक हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है और यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रार्थी ने सांगों का निर्देशन हरियाणा की संस्कृति की मर्यादा के अनुरूप किया हो। श्रेष्ठ निर्देशक अपने सहयोगी कलात्मक निर्देशक, संगीत निर्देशक, कॉस्ट्यूम डिजाइनर प्रकाश एवं ध्वनि इत्यादि तकनीकी स्टाफके साथ तालमेल बनाने में दक्ष होना चाहिए। प्रार्थी की आयु 35 वर्ष से लेकर 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए और प्रार्थी का सांगों के मंच संचालन में प्रतिष्ठित होना भी जरूरी है।

पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी होगी चयन प्रक्रिया: डीआईपीआरओ

डीआईपीआरओ सुरेंद्र बजाड़ ने कहा कि प्रार्थी को सांग की रचनाओं के आधार पर स्क्रिप्ट तैयार करने अभिनय की बारीकियों और संगीत की जानकारी होना जरूरी है। प्रार्थी द्वारा सालाना कम से कम 10 सालों का निर्देशन एवं मंचन किया हो। चयनित किए जाने वाले व्यक्ति पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होना चाहिए और निर्देशित किए गए सांग शिक्षाप्रद व सामाजिक सरोकार से जुड़े होने चाहिए। अनिवार्य योग्यताओं के अनुरूप प्राप्त आयोजनों की छंटनी के बाद सांगियों को अपने पूरे दल के साथ विभाग द्वारा निर्धारित स्थान पर सांग महोत्सव में प्रस्तुति देनी होगी, जिसके आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा पात्र सांगी का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी होगी और चयन कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा। आवेदन के लिए निर्धारित प्रोफ्रमा में सभी जानकारी दर्ज कर दस्तावेजों के साथ भेजना जरूरी है।

## श्रीमदभागवत गीता में हैं सभी समस्याओं का समाधान: डा. स्वामी दिव्यानंद महाराज

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** यदि राम दर्शन- धर्म दर्शन हैं तो कृष्ण दर्शन रस दर्शन हैं। नृत्य और प्रसन्नता का दर्शन शास्त्र हैं, विशुद्ध प्रेम और ज्ञान का दर्शन हैं और इस सबका का ज्ञान श्रीमदभागवत कथा के अध्ययन व श्रवण करने से ही मिल सकता है। उक्त उद्गार ज्योति पार्क क्षेत्र स्थित श्रीगीता आश्रम में गीता जयंती के अवसर पर श्रीगीता साधना सेवा समिति द्वारा आयोजित 3 दिवसीय श्री गीता अमृत महोत्सव के समापन पर गीताज्ञानेश्वर डा. स्वामी दिव्यानंद महाराज ने व्यक्त किए। महाराज जी ने कहा कि श्रीमदभागवत गीता का हमारे जीवन में बड़ा ही महत्व है। गीता में सभी समस्याओं का समाधान है। पूरे विधि-विधान से साधना करने पर मावन का जीवन ही बदल जाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि यदि नियमित रुप से अपने ईष्ट की उपासना की जाए तो इंसान नर से नारायण भी हो सकता है। मीरा और गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूर्ण आस्था के साथ उनका ध्यान किया तो नारायण भी नर रुप में प्रकट हो जाते हैं। जीवन में धैर्य के साथ शौर्य और विवेक का भी बड़ा स्थान है। उन्होंने सत्संग में आए श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को गीता का ज्ञान अवश्य दें। संस्था के मुख्य प्रबंधक राजेश गाबा का कहना है कि यज्ञ का आयोजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ और स्थानीय विधायक मुकेश शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता बोधराज सीकरी, मिहिर डुरेजा, ऋत्विक कालड़ा, प्रणव, छवि आहुजा व मयंक खुराना ने भी यज्ञ में आहूति डालकर महाराज श्री का आशीर्वाद लिया। आयोजन में महिला व पुरुषों की संख्या भी अच्छी खासी दिखाई दी।

## क्रिसमस को लेकर सज गए हैं बाजार, बच्चे हैं बड़े उत्साहित

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** क्रिसमस का पर्व मनाने के लिए शहरवासी पूरी तरह से तैयार दिखाई दे रहे हैं। लोगों ने तैयारियां कर ली हैं कि इस पर्व को धूमधाम से मनाया जाए। शहर के विभिन्न क्षेत्रों स्थित बाजारों में क्रिसमस से संबंधित सामग्री की दुकानें बिक्री के लिए सजी हुई हैं। लोग अपनी पसंद के अनुसार क्रिसमस की तैयारियों में आने वाली सामग्री की खरीददारी भी कर रहे हैं। सैंटा क्लॉज की ड्रेस की खूब बिक्री हो रही है। लोग क्रिसमस ट्री की भी खरीददारी कर रहे हैं। हालांकि गत वर्षों की भांति क्रिसमस में इस्तेमाल होने वाली सामग्री डेढ़ गुणा तक महंगी हो गई है। शॉपिंग मॉल्स व बड़े-बड़े शोरुम में सेंटा क्लॉज के पुतले भी बच्चों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कुछ प्रतिष्ठानों ने व्यक्ति को ही सेंटा क्लॉज का वेश धारण कर प्रतिष्ठान में आने-जाने वाले बच्चों को टॉफ्यिां व चॉकलेट वितरित करने की व्यवस्था की हुई है और बच्चे बड़े उत्साह से उन्हें हैप्पी क्रिसमस की शुभकामनाएं दे रहे हैं। दुकानदारों का भी कहना है कि इस बार क्रिसमस पर उनकी अच्छी खासी बिक्री होगी।

## बाल भवन सामुदायिक केंद्र में आयोजित हुआ पुरस्कार वितरण समारोह।

- बाल भवन सामुदायिक केंद्र नूंह में आयोजित बाल प्रतियोगिताओं में विवेकानंद स्कूल तावडू ने जीती ओवरऑल ट्राफी
- स्कूली बच्चों में प्रतीक बनी खाने के लिए मंच प्रदान करता है बाल भवन: प्रदीप सिंह मलिक
- विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले 375 बच्चों को किया पुरस्कृत




मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के तत्वाधान व प्रधान जिला बाल कल्याण परिषद एवं उपायुक्त नूंह के मार्गदर्शन में अक्टूबर 2024 हुई छरू दिवसीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मुख्य अतिथि व अशोक नगराधीश अशोक कुमार ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि स्कूली बच्चों में प्रतिभा निखारने के लिए बाल भवन हर साल मंच प्रदान करता है और विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाता है। जिला बाल कल्याण अधिकारी एस एल खत्री ने बताया कि बाल प्रतियोगिताओं में जिले के 75 स्कूलों के लगभग 3500 बच्चों ने भाग लिया था और इनमें से 27 स्कूलों के 375 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस बारे भी उचित जानकारी दी गई। इस वर्ष ओवरऑल ट्रॉफ्री स्वामी विवेकानंद और रनर अप ट्रॉफ्री मदर प्राइड स्कूल नूंह ने अपने नाम की। कार्यक्रम में बाल प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल और जिला बाल कल्याण परिषद के स्टाफएवं आजीवन सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आजीवन सदस्य जी एस मलिक, परमजीत चहल, रामकिशन, बिजेंद्र सौरोत, महेश गुप्ता, सरेखा डागर , ऋषि जून व अशरफ मेवाती,अनिल मोरवाल, अनिल दांगी, लोकेन्द्र, आदि उपस्थित रहे।

# एवरेस्ट विजेता राकेश कादियान ने किया जिला नूंह का नाम रोशन

- राकेश कादियान ने स्टेट मास्टर एथेलेटिक चौंपियनशिप में जीते 2 गोल्ड मेडल
- जेल अधीक्षक बिमला ने मेडल जीतकर जेल पहुंचने पर किया सम्मानित

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** जिला जेल नूंह पर कार्यरत एवरेस्ट विजेता राकेश कादियान ने 14 -15 दिसम्बर 2024 को चंडीगढ़ के सेक्टर 7 के खेल स्टेडियम में आयोजित 33 वीं हरियाणा स्टेट मास्टर एथेलेटिक प्रतियोगिता में भाग लेकर 110 मीटर बाधा (हर्ड्ल्स) दौड़ ओर 400 मीटर बाधा (हर्ड्ल्स) दौड़ में भाग लिया और अपने आयु वर्ग में सभी खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा कायम किया। राकेश कादियान इससे पहले भी विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट 8848 मीटर ओर विश्व की चौथी ऊंची चोटी माउंट ल्होत्से 8516 मीटर पर 45 वर्ष की उम्र पुरी करने के बाद तिरंगा झंडा फ्हराने वाला भारत देश का प्रथम पर्वतारोही



बनकर विश्व मे नूंह जिले का नाम रोशन कर चुका है । राकेश कादियान इससे पहले भी स्टेट ओर नेशनल मास्टर एथेलेटिक प्रतियोगिता में भाग लेकर 70 मेडल्स अपने नाम करके नूंह जिला का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित कर चुका है। राकेश कादियान ने बताया कि अब वह केरल में आयोजित होने वाली नेशनल मास्टर एथेलेटिक चौंपियनशिप की तैयारी करने में लग गया है और नेशनल चौंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीतकर अपने जेल विभाग, जिला और प्रदेश का नाम भारत देश मे एक बार फ्रि से रोशन करेगा। राकेश कादियान की इस उपलब्धि पर जिला जेल पहुंचने पर जेल अधीक्षक बिमला , उप-अधीक्षक जेल हिमांशू चोधरी , जेल उप-अधीक्षक रेशम सिंह और समस्त जेल स्टाफने राकेश कादियान को मेडल जीतकर जिला जेल नूंह का नाम रोशन करने पर अपना आशीर्वाद दिया तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल जीतकर विभाग और जिला नूंह का नाम रोशन करने के लिए अग्रिम बधाई दी। जेल अधीक्षक बिमला ने बताया कि राकेश कादियान अपनी सामान्य डयूटी के साथ साथ अपने गेम के लिए सामान्य डयूटी करने के बाद समय निकाल कर तैयारी करता रहता है और समय समय पर अपने विभाग ओर नूंह जिला का नाम रोशन करता रहता है और अपनी ड्यूटी के साथ साथ अथक परिश्रम करता रहता है । राकेश कादियान ने अपनी इस उपलब्धि के लिए और तैयारी के लिए विशेष समय देने के लिए विशेष रूप से जेल अधीक्षक बिमला और समस्त जेल अधिकारियों का आभार व्यक्त किया तथा आगे भी ऐसे ही अथक परिश्रम करके अपने विभाग और नूंह जिला का नाम रोशन करने की प्रतिबद्धता जाहिर की।

## पूरे साल गुडगांववासी झेलते रहे बढ़ते वायु प्रदूषण का दंश

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** शहर में वायु प्रदूषण की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। चाहे किसी भी राजनैतिक दल की सरकार प्रदेश में रही हो, लेकिन गुडगांव शहर को प्रदूषण मुक्त कराने के लिए कोई विशेष कदम नहीं उठाए गए। कागजी कार्यवाही में तो कदम उठाए जाते हैं, लेकिन धरातल पर इन कार्यवाही का कोई असर दिखाई नहीं देता। गुडगांव प्रदेश का ही नहीं, अपितु देश का प्रदूषित शहर बनता जा रहा है, लेकिन इसमें सुधार करने के लिए जो आवश्यक था, वह नहीं किया गया। पिछले एक दशक से लगातार प्रदूषण के मामले में शहर की स्थिति खराब होती जा रही है। वायु प्रदूषण का कुप्रभाव वृद्धजनों व छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर अधिक पड़ रहा है। साईबर सिटी में पीएम 2.5 का स्तर 400 से अधिक दर्ज होता रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जो योजनाएं बनाता रहा है, वे पर्याप्त नहीं हैं। वायु प्रदूषण की स्थिति प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। यह प्रदूषण क्यों फैल रहा है, इसकी भी जानकारी शायद किसी के पास नहीं है। पर्यावरणविदों का कहना है कि डीजल-ऑटो से वायु प्रदूषण अधिक फैलता है। हजारों की संख्या में डीजल-ऑटो सडकों पर दौड़ रहे हैं। अधिकांश ऑटो काला धुंआ छोड़ते दिखाई दे रहे हैं। वर्ष 2012 में प्रदेश के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रदेश सरकार को सिफ्रिश की थी कि शहर में नए डीजल ऑटो का पंजीकरण बंद कर दिया जाए और जो ऑटो चल रहे हैं उन्हें 10 साल के बाद सडकों पर न चलने दिया जाए लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है। हालांकि डीजल के 10 साल और पेट्रोल के 15 साल पूरे हो जाने वाले वाहनों को प्रदेश सरकार ने सडकों से हटाने की योजना बनाई हुई है, लेकिन इस पर भी ईमानदारी से कार्य नहीं हो पा रहा है। जानकारों का कहना है कि जनवरी माह से डीजल वाले ऑटो के संचालन को बंद करने की योजना पर प्रशासन काम करने जा रहा है। हालांकि प्रदेश सरकार ने ई-ऑटो के संचालन की योजना भी साईबर सिटी में बनाई हुई है, जिसका विधिवत शुभारंभ तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने 2 वर्ष पूर्व किया था। जानकारों का यह भी कहना है कि गुडगांव शहर में धुंआ छोडने वाले कोई उद्योग नहीं हैं, लेकिन फ्रि भी गुडगांव देश दुनिया के प्रदूषित शहरों में शामिल है।

# पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाठखोरी में आयोजित हुआ पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन ने टाटा कम्युनिकेशन के सहयोग और जिला शिक्षा विभाग के साथ मिलकर दूसरे जिला इको-फेस्ट का आयोजन पीएम श्री सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाठखोरी, नूंह , में किया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित एक अनूठा कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम नूंह जिले के 53 स्कूलों के 600 से अधिक छात्रों को एक मंच पर लेकर आया, जहां उन्होंने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा तैयार की गई प्रदर्शनी रही, जिसमें भूमि संरक्षण, जैव विविधता, वायु प्रदूषण, जल संरक्षण, और कचरा प्रबंधन जैसे पर्यावरणीय विषयों को बड़े ही प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया। छात्रों ने इन विषयों पर मॉडल, चार्ट और पोस्टर के माध्यम से अपनी सोच और समाधान प्रस्तुत किए। इसके साथ ही, छात्रों ने नूंह के पारंपरिक हस्तशिल्प और व्यंजनों का भी प्रदर्शन किया, जिससे स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिनमें पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नाटक, नृत्य और गीत शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने न केवल उपस्थित लोगों को मनोरंजन प्रदान किया बल्कि उन्हें पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए प्रेरित भी किया। दूसरे जिला इको-फेस्ट पर्यावरण जागरूकता को बढ़ाने और छात्रों के बीच रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ। इस कार्यक्रम ने यह साबित किया कि जब शैक्षिक संस्थान, स्थानीय प्रशासन और सीएसआर पहल एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो वह न केवल छात्रों के विकास में सहायक होते हैं, बल्कि समाज के व्यापक



कल्याण के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार करते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने छात्रों को उनके प्रयासों के लिए सराहा और पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिका की सराहना की। विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा कम्युनिकेशन की सीएसआर प्रमुख पल्लवी बिरुआ ने भी शिरकत किया इसके अलावा, जिला एफएलएन समन्वयक कुसुम मलिक ने भी अपने विचार साझा किए और छात्रों के प्रयासों को सराहा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सबरजीत ठाकुर और एनसीडी प्रभारी गौरव भाटी ने प्रदर्शनी का दौरा किया और छात्रों के कार्यों की सराहना की। वही पर जिला एफ्लन कॉर्डिनेटर कुसुम मलिक जी मौजूद रही जिन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा आप कल के भविष्य हो आपको अपने पर्यावरण के प्रति जागरूक रहना और उनके प्रति सकारात्मक कदम उठाना नैतिक जिम्मेदारी को दर्शाता है एक बेहतर समाज की परिकल्पना को साकार करने का पहला प्रयास भी है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गांधी फेलो और करुणा फेलो ने अहम भूमिका निभाई। गांधी फेलो (बाबुल, अमृता, ऋषिकेश, पवन, अमोल, अन्नमोल, विकास, पलक, अभिजीत, विनय, शैलेंद्र, दिनेश, अषिता, नीलम और सावन) और करुणा फेलो (अपसरी, खालिदा, रीना, हसीना, फ़हीन और सना) ने कार्यक्रम की हर गतिविधि को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका मार्गदर्शन सीनियर प्रोग्राम मैनेजर नरेंद्र शर्मा, प्रोग्राम मैनेजर रियाज मीर, सीनियर प्रोग्राम लीडर मनीष, अब्दुल और चंदन, तथा प्रोग्राम लीडर सुमन और शशांक ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में पीएम श्री सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाथखोरी के प्रधानाचार्य प्रवीण और पवन का भी विशेष योगदान रहा।

# डीसी ने जिला में सीएम अनाउंसमेंट के तहत हो रहे कार्यों के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरूग्राम, मोहित सैनी।** डीसी अजय कुमार ने आज लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में गुरूग्राम के विकास के लिए की गई सीएम अनाउंसमेंट की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और संबंधित विभागों को सीएम अनाउंसमेंट के तहत किये जा रहे कार्यों में तेजी लाते हुये उन्हें समयबद्ध तरीके से प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एडीसी हितेश कुमार मीणा ने डीसी के समक्ष एक-एक करके संबंधित विभागों की प्रगति रिपोर्ट की विस्तार से जानकारी दी। डीसी अजय कुमार ने जिला में चल रही मुख्यमंत्री की घोषणाओं की विकास परियोजनाओं की विस्तार से जानकारी ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का त्वरित लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित विकास परियोजनाओं को लेकर हर समय अपडेट रहें। इसके साथ साथ यह भी ध्यान रखें कि विकास कार्यों की गुणवत्ता पूरी तरह से नियमों के अनुरूप होनी चाहिए ताकि विकास कार्य प्रभावी रूप से हो सकें। डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री का गुरूग्राम पर विशेष फोक्स है और वे स्वयं इन परियोजनाओं की मॉनिटरिंग कर रहे है। ऐसे में सीएम घोषणाओं के कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर विभागों की लापरवाही के कारण से हुई देरी को सहन नहीं किया जाएगा। यदि किसी घोषणा में एक से अधिक विभाग शामिल हैं तो ऐसे विभागों के अधिकारी आपस में तालमेल व समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि परियोजनाओं के पूरा होने में देरी ना हो। उन्होंने विशेष रूप से जनस्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, सिंचाई विभाग, वन विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग, नगर निगम सहित अन्य विभागों से जुड़ी सभी घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की और इनके क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि सन 2014 से लेकर अब तक मुख्यमंत्री द्वारा कुल 401 घोषणाएं की गई हैं, जिनमें से 194 पूरी हो चुकी हैं, 48 पर कार्य प्रगति पर हैं, 77 लंबित हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं को प्राथमिकता देते हुए मुख्यालय से आवश्यक स्वीकृतियां लेते हुए जल्द कार्य शुरू करवाएं। इस मामले में ढिलाई ना बरतें। जहां उनके दखल की आवश्यकता हो बताएं, वे उच्च अधिकारियों से आग्रह कर लेंगे लेकिन कार्यों को गति दें ताकि वे कार्य जल्द पूर्ण हों और जनता को उनका लाभ मिले। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से उन घोषणाओं पर रिपोर्ट ली, जिन पर अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है और काम शुरू नहीं होने की वजह भी पूछी। उन्होंने कहा कि इन घोषणाओं पर कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से उनके पास अपडेट आती रहे। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ वीरेंद्र यादव, जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन, हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के एडिशनल सीईओ गौरव सिंह, जिला आयुष अधिकारी मंजू बांगड़, जीएम रोडवेज प्रदीप कुमार, एक्सईएन पंचायती राज अजय शर्मा, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन गजेंद्र यादव व चरणजीत राणा सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# गांधीवादी नारायण देसाई को उनकी जयंती पर किया याद

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बड़ी संख्या में राजनेताओं व क्रांतिकारियों ने अपना बलिदान दिया है। भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले और महात्मा गांधी के करीबी नारायण देसाई को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए वक्ताओं ने उन्हें याद करते हुए कहा कि उनका जन्म 19 दिसम्बर 1924 को हुआ था। वह गांधीवादी थे। वह गांधी जी के चर्चित निजी सचिव महादेव देसाई के पुत्र थे। गांधीजी के साबरमती सेवाग्राम आश्रम में पले-बढ़े होने के कारण वह बुनियादी शिक्षा, खादी की कढाई-बुनाई में निपुण थे। वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी के लिए चले भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान वह महात्मा गांधी के साथ निकटता से जुड़े थे और गांधी कथा में उन्होंने गांधी जी के साथ अनुभव भी साझा किए थे। उन्होंने भूमि पुत्र शीर्षक से भूदान आंदोलन के मुखपत्र की शुरुआत की थी और वह 1959 तक इसके संपादक भी रहे थे। नारायण देसाई ने पीस बिग्रेड इंटरनेशनल की स्थापना में भी अपना योगदान दिया था और वह वार रिस्टर्स इंटरनेशनल के अध्यक्ष भी बनाए गए थे। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढक़र भाग लिया था। अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए उन्हें एक पाकिस्तानी शांति समूह के साथ यूनेस्को समूह पुरुस्कार से सम्मानित भी किया गया था। वर्ष 1993 में गुजरात साहित्य के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरुस्कार से भी सम्मानित किया गया था। 15 मार्च 2015 को उनका निधन हुआ था। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे गांधीवादी व लेखक से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में दिए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

# जिला में उच्च शिक्षण संस्थानों में 21 दिसंबर व स्कूलों में आगामी आदेशों तक हाईब्रिड मोड में चलेंगी कक्षाएं, उच्चतर शिक्षा व स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशक ने जारी किए आदेश

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरूग्राम, मोहित सैनी।** एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण के बढ़ते स्तर व सीएक्यूएम द्वारा लागू ग्रेप के चौथे चरण के दृष्टिगत उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक ने गुरूग्राम के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में 21 दिसंबर तक हाइब्रिड मोड में कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए हैं। निदेशक द्वारा जारी आदेशों में जिला के सभी राज्य और निजी विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार, सरकारी कॉलेजों, सरकारी सहायता प्राप्त व स्व-वित्तपोषित कॉलेजों के प्रिंसिपल को निर्देश दिए गए हैं कि वे आदेशों के अनुपालन में, सभी कक्षाएं हाइब्रिड मोड में संचालित करवाएं। जारी आदेशों में कहा गया है कि जिला में जहां भी ऑनलाइन मोड संभव हो, वहां भौतिक रूप में और साथ ही ऑनलाइन मोड में भी कक्षाएं संचालित की जाएंगी। ऑनलाइन शिक्षा मोड का उपयोग करने का विकल्प, जहां भी उपलब्ध हो, छात्रों और उनके अभिभावकों के पास होगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने दिए आदेश, कक्षा 9वीं और 11वीं तक आगामी आदेशों तक हाइब्रिड मोड में संचालित की जाएं कक्षाएं हरियाणा के स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशक ने भी इस संबंध में जिला के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के प्रमुखों को आदेश दिए हैं कि वे आगामी आदेशों तक कक्षा 9वीं और 11वीं तक के बच्चों के लिए स्कूलों में हाइब्रिड मोड में कक्षाएं संचालित करें, यानी भौतिक और ऑनलाइन दोनों मोड में (जहां भी ऑनलाइन मोड संभव हो)। बता दें कि डीसी अजय कुमार के दिशा निर्देशन में जिला में ग्रेप 4 के तहत सभी पाबंदियों को सख्ती से लागू किया जा रहा है। जिला में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से सभी निजी संस्थानों में वर्क फ्रॉम होम की एडवाइजरी जारी की गई है। वहीं सभी सरकारी व निकाय कार्यालयों के आफिस टाइमिंग में भी बदलाव किया गया है। इसके साथ साथ फील्ड संबंधी अन्य पाबंदियों को लागू करने के दृष्टिगत संबंधित विभागों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने नगर निगम चुनाव तैयारियों की समीक्षा की

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरूग्राम, मोहित सैनी।** राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा है कि नगर निकाय चुनाव में मतदाता सूची तैयार करने और नए बूथ बनाए जाने के कार्य में पूर्ण पारदर्शिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस वोटर का नाम विधानसभा सूची में होगा, उसी को नगर निगम या नगर परिषद की मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। निकाय क्षेत्र में 18 साल के युवाओं को भी वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए प्रोत्साहन दिया जाए। राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह आज रेस्ट हाऊस में निकाय चुनाव के लिए आयोजित हुई प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला के गुरूग्राम, मानेसर नगर निगम, पटौदी हेलीमंडी व फर्रूखनगर नगरपालिका के चुनाव करवाए जाने हैं। इन चारों निकाय ईकाईयों की मतदाता सूची तैयार करने के लिए बीएलओ अपना कार्य ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि 18 साल की आयु पार कर चुके युवाओं को निकाय चुनाव के लिए अपना वोट बनवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार निकाय चुनाव में महिलाओं के लिए स्पेशल पिंक बूथ बनाए जाएं, जहां महिला कर्मचारी ही ड्यूटी पर होंगी। इसी प्रकार कहीं एससी वर्ग या किसी विशेष समाज के लोग अपने लिए स्पेशल बूथ बनाने का अनुरोध करते हैं तो उस पर भी विचार किया जाना चाहिए। चुनाव आयुक्त ने बैठक में ईवीएम की मांग और उसके रख-रखाव के बारे में भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। इस बारे में पुलिस विभाग का सहयोग लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निकाय चुनाव में उसी मतदाता को वोट डालने का अधिकार होगा, जिसका नाम क्षेत्र की विधानसभा सूची में दर्ज है। किसी वोटर का नाम विधानसभा की सूची में नहीं है तो वह पहले अपना नाम



विधानसभा वोटर लिस्ट में दर्ज करवाए। मतदाता सूचियों के लिए पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। संबधित अधिकारी दावे और आपत्तियों का निपटान समय पर करें। उन्होंने कहा कि यह प्रयास किया जाए कि सभी मतदान केंद्र सरकारी भवनों में स्थापित किए जाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि गुरूग्राम नगर निगम में 870 बूथ हैं और यहां 36 वार्डों में 8 लाख 65 हजार 149 वोटर हैं। इसी प्रकार मानेसर नगर निगम में 96 हजार 241 मतदाता हैं और यहां 20 वार्डों में 95 मतदान केंद्र हैं। फर्रूखनगर नगरपालिका में 14 वार्डों में 16 हजार मतदाता तथा 16 बूथ बने हुए हैं। पटौदी हेलीमंडी नगरपालिका में 40 हजार मतदाता हैं और यहां 22 वार्डों में 45 बूथ बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि गुरूग्राम, मानेसर, पटौदी हेलीमंडी व फर्रूखनगर में निकाय चुनाव के लिए 23 दिसंबर तक मतदाताओं से दावे और आपत्तियां आमंत्रित किए गए हैं। पुनरीक्षण अधिकारियों द्वारा 27 दिसंबर तक इनका निपटारा किया जाएगा। इसके बाद कोई वोटर अधिकारी के निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो वह 31 जनवरी तक उपायुक्त के समक्ष अपील कर सकता है। उपायुक्त कार्यालय की ओर से तीन जनवरी तक इन अपील का निपटान कर दिया जाएगा। उसके बाद 6 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा, जिसके आधार पर निकाय चुनाव करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी नगर निगम व नगरपालिकाओं में रिवाइजिंग अथॉरिटी के तौर पर सक्षम अधिकारियों व उनके सहायक अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई हैं। इस अवसर गुरुग्राम नगर निगम के आयुक्त अशोक गर्ग, एडीसी हितेश कुमार मीणा, मानेसर नगर निगम की आयुक्त रेनु सोगन, एडिशनल कमिश्नर जितेंद्र कुमार, एसडीएम अंकित चौकसे, एसडीएम रविंद्र कुमार, एसडीएम दिनेश लुहाच, एसडीएम दर्शन यादव, नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम, संयुक्त आयुक्त प्रदीप कुमार, डीआईओ विभू कपूर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा बूथ, मंडल और जिला स्तर पर मनाएगी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी: कमल यादव

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** भारतीय जनता पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी मनाने की तैयारियों में जुट गई है। 25 दिसंबर को बूथ, मंडल और जिला स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों की तैयरियों और रूपरेखा को लेकर गुरुवार को भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में जाटौली मंडी के रोशन पैलेस में जाटौली मंडल और पटौदी मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष ने सबसे पहले सदस्यता अभियान में गुरुग्राम जिला के प्रदेश में प्रथम आने की कार्यकर्ताओं को बधाई दी। जिला मीडिया प्रभारी पवन यादव ने बताया कि बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजेपयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाती आई है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए हर्ष का विषय है कि यह श्रद्धेय अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष है। इस अवसर पर देश और प्रदेश भर में अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री यादव ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली के निर्देशानुसार गुरुग्राम जिला में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी पवन यादव ने बताया कि कमल यादव ने कहा कि 25 दिसंबर को बूथ स्तर पर अटल स्मृति



सभाओं का आयोजन होगा और श्रद्धेय अटल जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसी दिन युवा प्रतिभागियों के द्वारा केंद्रीय टीम द्वारा दो चयनित कविताओं का वाचन होगा साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी के भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उनके प्रमुख योगदानों पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि जिन कार्यकर्ताओं ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के साथ काम किया है या फिर उनके कार्यकाल में सक्रिय रहे हैं उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी पवन यादव ने बताया कि बैठक में कमल यादव ने कहा कि सुशासन दिवस पर मंडल स्तर पर सुशासन यात्राएं निकाली जाएंगी और चौपाल लगाकर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार और मोदी सरकार की किसान कल्याण उपलब्धि एवं योजनाओं के साथ-साथ विकास कार्यों से क्षेत्र में आए सुधार पर चर्चा की जाएगी।

# अमर शहीद क्रांतिकारी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल को उनके बलिदान दिवस पर किया याद

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान देने वाले शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों को भी राष्ट्र याद कर नमन कर रहा है। इसी क्रम में स्वाधीनता संग्राम के अमर सेनानी क्रांतिकारी, ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध ऐतिहासिक प्रतिकार काकोरी घटना के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल को उनके बलिदान दिवस पर साईबर सिटीवासियों ने उन्हें याद किया। वक्ताओं ने कहा कि क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल का जन्म 11 जून 1897 में ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी यानि कि निर्जला एकादशी पर शाहजहांपुर उत्तरप्रदेश में हुआ था। रामप्रसाद बिस्मिल एक कवि, शायर, अनुवादक, बहुभाषा भाषी, इतिहासकार व साहित्यकार भी थे। वह मात्र 19 वर्ष की अल्पायु में ही देश को आजाद कराने के लिए क्रांतिकारियों के संगठन में शामिल हो गए थे। उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखी और उनका प्रकाशन भी कराया। उन पुस्तकों की बिक्री से जो पैसा मिला उनसे हथियार खरीदे और उनका प्रयोग ब्रिटिश राज का खात्मा करने के लिए किया। धार्मिक भावनाएं भी उनमें कूट-कूट कर भरी थी। रामप्रसाद बिस्मिल नियमित रुप से व्यायाम भी करते थे ताकि अंग्रेजों से टक्कर ली जा सके। उन्होंने सत्यार्थ प्रकाश का गंभीर अध्ययन कर स्वामी सोमदेव के साथ राजनैतिक विषयों पर खुली चर्चा भी की थी। वर्ष 1915 में अंग्रेजों ने देश की आजादी में सक्रिय भूमिका अदा करने वाले भाई परमानंद को फांसी पर लटका दिया था। जिससे रामप्रसाद बिस्मिल बड़े विचलित हुए और उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य को समूल नष्ट करने की प्रतिज्ञा भी ली थी। वक्ताओं ने कहा कि मैनपुरी षडय़ंत्र व काकोरी कांड जैसी कई घटनाओं में रामप्रसाद बिस्मिल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। अंग्रेजों ने 30 वर्ष की आयु में 19 दिसम्बर 1927 को गोरखपुर की जिला जेल में उन्हें फांसी की सजा दे दी थी। 16 दिसम्बर तक उन्होंने अपनी आत्मकथा का अंतिम अध्याय भी लिख डाला था। उनकी फांसी का समाचार सुनते ही उनके समर्थक व अनुयायी बड़ी संख्या में जेल पर एकत्रित हो गए थे। ब्रिटिश शासन ने किसी तरह से उनके शव को परिजनों को सौंपा था। असंख्य लोगों ने जुलूस के रुप में उनकी अंतिम यात्रा निकालकर राप्ती नदी के किनारे उनका अंतिम संस्कार कर दिया था। उनकी फांसी के बाद क्रांतिकारी आंदोलन में तेजी आ गई थी। क्रांतिकारियों का देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण योगदान रहा था। इससे इंकार नहीं किया जा सकता। वक्ताओं ने युवाओं से आग्रह किया कि पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के आदर्शों को वे अपनाएं ताकि देश व समाज का भला हो सके। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# सुशासन दिवस कार्यक्रम को लेकर दिशा-निर्देश दिए मुख्य सचिव ने

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरूग्राम, मोहित सैनी।** उपायुक्त अजय कुमार ने कहा है कि गुरूग्राम में 25 दिसंबर को आयोजित होने वाले सुशासन दिवस कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस संदर्भ में कल शुक्रवार को अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की जाएगी। उपायुक्त आज लघु सचिवालय सभागार में सुशासन दिवस कार्यक्रम को लेकर आयोजित हुई वीडियो कांफ्रेंस में हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव विवेक जोशी के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर को गुरूग्राम में सुशासन दिवस का




कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्य सचिव विवेक जोशी ने कहा कि इस अवसर पर जिलास्तर और प्रदेशस्तर पर सुशासन पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इसलिए इन पुरस्कारों के योग्य कर्मचारियों, अधिकारियों या उनकी टीम का चयन शीघ्र कर लिया जाए। प्रदेश स्तर पर दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए चंडीगढ़ में कमेटी गठित की गई है। उन्होंने बताया कि सुशासन दिवस कार्यक्रम पूरी गरिमा के साथ आयोजित किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि शुक्रवार को सुशासन दिवस कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें मुख्य सचिव के निर्देशानुसार इस कार्यक्रम की रूपरेखा को तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर जनवरी माह से सरकारी कार्यालयों में शुरू किए जाने वाले स्वच्छता अभियान को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। कांफ्रेंस में उपायुक्त के साथ एडीसी हितेश कुमार मीणा, एसडीएम रविंद्र कुमार, नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम भी मौजूद रहे।

# गार्बेज ट्रॉली पर होगी तीसरी आंख की नजर, कचरा फैलाने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

- गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढ़ान की अध्यक्षता में हुई स्वीप समीक्षा बैठक में लिया गया निर्णय
- सार्वजनिक स्थान पर कचरा फैलाने वालों की पहचान करके जुर्माना लगाने के साथ एफआईआर भी कराई जाएगी दर्ज
- संयुक्त आयुक्तों व सहायक पुलिस आयुक्तों की टीमें अवैध कचरा व मलबा डंपिंग वाहनों को करेंगी जब्त
- स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के तहत प्रथम आने वाले वार्ड में एक करोड़ रूपए के कराए जाएंगे विकास कार्य, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले वार्ड में होंगे 50 लाख रूपए के विकास कार्य

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** शहर को साफ सुथरा बनाने की दिशा में जिला प्रशासन व नगर निगम गुरुग्राम तेजी से कार्य कर रहा है। इसके तहत वार्ड वाईज एचसीएस अधिकारियों को निगरानी के लिए नोडल अधिकारी लगाया हुआ है, जो प्रतिदिन अपने-अपने वार्डों का दौरा करके सफाई व्यवस्था को बेहतर कराने में जुटे हुए हैं। कई स्थानों पर यह देखने में आया है कि गार्बेज ट्रॉली खड़ी होने के बावजूद भी कुछ लोग जमीन पर कचरा डाल देते हैं, जिससे सफाई व्यवस्था खराब हो रही है। ऐसे लोगों की निगरानी करने के लिए अब तीसरी आंख अर्थात सीसीटीवी लगाए जाएंगे, जो कचरा फैलाने वालों की पहचान करेंगे। उक्त निर्णय गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढ़ान की अध्यक्षता में आयोजित ठोस कचरा पर्यावरण आवश्यकता कार्यक्रम (स्वीप) की समीक्षा बैठक में लिया गया। बैठक में नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग व अतिरिक्त निगमायुक्त डा. बलप्रीत सिंह सहित वार्ड वाईज नियुक्त एचसीएस नोडल अधिकारी व निगम की स्वच्छता शाखा के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि गार्बेज वर्नेबल प्वाइंटों पर निगम द्वारा गार्बेज ट्रॉली खड़ी की गई हैं, ताकि जमीन पर कचरा ना फैले। स्वच्छता टीमें प्रतिदिन गार्बेज ट्रॉली को खाली कर रही हैं, लेकिन कई स्थानों पर यह देखा गया है कि लोग कचरे को गार्बेज ट्रॉली में डालने की बजाए जमीन पर फैंक देते हैं। इससे क्षेत्र में गंदगी फैलती है तथा सफाई व्यवस्था को दोबारा से दुरुस्त करने में कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंडलायुक्त ने इस प्रकार के लोगों की पहचान व उन पर कार्रवाई करने के लिए जीवीपी पर सीसीटीवी लगाने का सुझाव दिया, ताकि कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना व एफआईआर दर्ज करने संबंधी कार्रवाई की जा सके।



निगम व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की टीमें अवैध डंपिंग पर करेंगी कार्रवाई

बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर मलबे व कचरे की अवैध डंपिंग को रोकने के लिए नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्तों व सहायक पुलिस आयुक्तों की टीमें गठित करके कार्रवाई शुरू की जाए। ये टीमें दिल्ली से आने वाले कचरा वाहनों को पकडक़र उन्हें जब्त करने के साथ ही ऐसे वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई करेंगी, जो बल्क वेस्ट जनरेटरों के यहां से कचरा उठाकर सार्वजनिक स्थानों पर डाल देते हैं। इसके अलावा, यातायात पुलिस द्वारा भी इस प्रकार के वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

**स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता**

मंडलायुक्त ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। इसके तहत लगातार 2 माह तक बेहतर स्वच्छता बनाए रखने वाले वार्ड में एक करोड़ रूपए की राशि के विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके अलावा, एक माह तक बेहतर स्वच्छता बनाए रखने वाले वार्ड में विकास कार्यों पर 50 लाख रूपए की राशि खर्च की जाएगी। प्रतियोगिता में स्वच्छ वार्ड का चयन अधिकारियों व नागरिकों की कमेटी द्वारा किया जाएगा।

**वरिष्ठ अधिकारी शहर का दौरा कर सफाई व्यवस्था का लेंगे जायजा**

बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि वे जल्द ही निगमायुक्त व जिला उपायुक्त के साथ शहर का दौरा करके सफाई व्यवस्था का जायजा लेंगे। उन्होंने सफाई शाखा के अधिकारियों से कहा कि वे वार्ड-1 व वार्ड-2 क्षेत्र की 100 प्रतिशत सफाई सोमवार तक सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन वार्डों में किसी भी स्थान पर कचरा, मलबा या पॉलीथीन आदि दिखाई नहीं देना चाहिए।


**संसाधन व कर्मचारियों के गैप को करें पूरा**

बैठक में मंडलायुक्त ने निगम अधिकारियों से कहा कि वे सफाई कार्य के लिए सभी संसाधन व कर्मचारियों के गैप को पूरा करें। इसके तहत डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाले वाहनों की जरूरत के अनुसार संख्या बढ़ाएं। इसके साथ ही गार्बेज ट्रॉली के पास एक-एक कर्मचारी की नियुक्ति भी सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि डोर-टू-डोर कचरा उठान कार्य की बेहतर निगरानी भी सुनिश्चित की जाए।

**सीएंडडी वेस्ट उठान में लाएं तेजी**


मंडलायुक्त ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर पड़े सीएंडडी वेस्ट को उठाने के कार्य में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि जल्द से जल्द शहर स्वच्छ दिखाई दे। इसके लिए प्रतिदिन कम से कम 10 हजार टन सीएंडडी वेस्ट उठाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि एरिया वाईज सीएंडडी वेस्ट उठाने वाले वाहनों को पंजीकृत किया जाए तथा उनकी दरें निर्धारित की जाएं। बैठक में सभी एचसीएस नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने वार्ड की सफाई व्यवस्था की रिपोर्ट मंडलायुक्त के समक्ष रखी। समीक्षा के दौरान जोन-2 क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सही नहीं पाए जाने पर फील्ड इंचार्ज श्रीकांत शर्मा पर कार्रवाई करने के निर्देश मंडलायुक्त द्वारा दिए गए।

# Google's ChromeOS to get Microsoft 365 support later this year




Google today announced that it is planning to add support for Microsoft 365 to ChromeOS later this year. The move will make it easier for users to download and install Microsoft 365's suite of apps, which includes Word, Excel, Power-point, Teams and Outlook among others, and open files easily. The company also said that it will be bringing support for Microsoft OneDrive to ChromeOS later this year. Also Read - How to erase and reset your iPhone in simple steps As of now Chromebook users can access Microsoft 365's suite of apps and Microsoft OneDrive as Progressive Web Apps. But obviously, they lack the integration and support that is offered by the native apps. But this is about to change soon as Google is working on functionality that will enable Chromebook users to download native Microsoft 365 apps and Microsoft OneDrive on their ChromeOS-powered laptops. Also Read - Electric vehicles may get cheaper as centre announces custom duty exemption on batteries "Today, users of Microsoft 365 and OneDrive software can use the Progressive Web App (Installable here) for their Microsoft Word, PowerPoint or Excel needs. To further help these users, we will have a new integration later this year on ChromeOS, making it easier to install the app and open files," Google wrote on its support page. Also Read - Made in India TVs to get cheaper as govt cuts custom duty on key parts by 2.5 percent In the support page, the company also wrote that in addition to enabling users download Microsoft 365 apps and Microsoft OneDrive app, it will also users a guided setup experience that takes them through the process of installing the Microsoft 365 web app and "connecting Microsoft OneDrive to their Chromebook Files app." This will enable users to move their files to Microsoft OneDrive when opening them in the Microsoft 365 app. "Users will be offered a guided setup experience that takes them through the process of installing the Microsoft 365 web app and connecting Microsoft OneDrive to their Chromebook Files app," the company added. Furthermore, the company said that users in its Dev and Beta channels will be able to test the implementation even earlier, before the full launch. Today announcement marks a rare step wherein Google has collaborated with Microsoft outside of its Chromium engine that powers Microsoft's Edge web browser. The company is not only allowing users to install Microsoft's apps on ChromeOS but it is also enabling them to switch from its own cloud storage to Microsoft's cloud storage.

# OpenAI Makes ChatGPT Available for Companies to Integrate in Apps




OpenAI is making its ChatGPT tool available to companies to incorporate into their own apps as it seeks commercial uses for the wildly popular chatbot. The company, which introduced ChatGPT to the public in November, is now offering paid access for businesses and developers who want to use the software's ability to answer questions and generate text in their own applications and products. Customers will be able to hook their apps into ChatGPT's application programming interface, giving them the same version of the GPT 3.5 model that OpenAI itself uses at a cost 10 times lower than OpenAI's existing models. Instacart, Shopify and Snap are among companies already using the ChatGPT API in their products, San Francisco-based OpenAI said in a blog post on Wednesday. While OpenAI has generated huge public interest in the best-known artificial intelligence systems of the past year — ChatGPT, which creates text, and image generator DALL-E — the company also needs to figure out how to accelerate revenue growth and pay for the huge cloud-computing bills these massive AI models rack up. In January, OpenAI negotiated an expansion of Microsoft Corp.'s investment in the company, adding a reported $10 billion (nearly Rs. 82,400 crore). Last month, OpenAI started a waitlist for companies and developers who want to use ChatGPT in their own apps and is selling a premium version to individuals. The AI research company acknowledged that ChatGPT has gone down too often recently and said it will prioritize companies and users running public applications on platform. "For the past two months our uptime has not met our own expectations nor that of our users," OpenAI wrote. "Our engineering team's top priority is now stability of production use-cases." Instacart, the US's largest online grocery-delivery company, will add ChatGPT to its shopping app, blending it with Instacart's own AI and catalog of available products. Customers will be able to ask the app to do things like suggest healthy options for kids and give instructions for how to make great fish tacos, the company said. Shopify will also use the chatbot for its consumer app — when shoppers search for a product, ChatGPT will offer recommendations. Quizlet, an electronic learning tools company, is building an AI tutoring experience where ChatGPT's question and answer style is used to replicate the Socratic method, said Chief Executive Officer Lex Bayer. For foreign language learning, ChatGPT can also make up a story in the language being studied and test reading comprehension, or take a vocabulary list and turn it into a paragraph. It's a use for the chatbot that might be more welcome to teachers, who have mostly been focused on concerns stu-

# Apple HomePod (2nd Gen) Review: More Capable Than It Looks



The Apple HomePod range of smart speakers may not be the obvious choice in the category for many buyers, because of its very obvious ecosystem-based optimisations. However, those who are suitably invested in Apple's hardware will see some benefit to this, particularly the ease with which the smart speaker is able to link and work with other Apple devices. The original HomePod was launched globally in 2018, and five years later it finally sees a successor which promises better features and performance. Priced at Rs. 32,900, the Apple HomePod (2nd Gen) is said to be smarter, better equipped to work with IoT devices, and can also tell you the room temperature and humidity. It's also considerably larger and more capable than the HomePod mini (Review), the other Apple smart speaker that you can buy right now. Should you buy the Apple HomePod (2nd Gen)? Find out in this review. apple homepod 2nd gen review main2 Apple The Apple HomePod (2nd Gen) is a bit smaller and lighter than its predecessor PauseUnmute Fullscreen Apple HomePod (2nd Gen) design and features After the original HomePod was officially discontinued in 2021, the only smart speaker from Apple has been the HomePod mini — until now. The Apple HomePod (2nd Gen) is bigger and much more capable than the HomePod mini, although there are some reductions in specifications and potential capabilities when compared to the original HomePod. Apple HomePod mini Review Visually though, the new smart speaker is nearly identical to its predecessor, save for small differences in the dimensions and weight. The Apple HomePod (2nd Gen) is available in two colours, black and white, with a fabric-wrapped exterior and light-up touch-sensitive panel at the top. Personally, I'd recommend the black colour option, based on my experience with the white HomePod mini in India, and how quickly it caught grime and started to look a bit dirty. Another big change in the design is the cable on the Apple HomePod (2nd Gen). Unlike its predecessor, the power cable is detachable on the new smart speaker, although it retains its discreet design that covers the socket entirely and gives it the appearance of being fixed in place. In addition to the cable and the speaker itself, the sales package only has the documentation for the speaker. As before, there are no physical buttons on the HomePod, with the touch-sensitive top panel providing some physical controls for volume, playback, and invoking Siri. It also provides light-based cues for when the smart speaker is in operation, listening for commands after the 'Hey Siri' wake phrase, or processing a voice command to act on it. Sonos One (Gen 2) Smart Wi-Fi Speaker Review Of course, the only way to switch the speaker off is by unplugging it entire-

# OnePlus 11 launched with LTPO 3.0 display, Hasselblad cameras




OnePlus on Wednesday launched the OnePlus 11 in China. The device comes with a new design on the back having a circular camera island. It has a new chip, the Snapdragon 8 Gen 2, and it features 100W fast charging. Also Read - OnePlus Buds Pro 2 with 39 hours of battery life launched: Price, specifications The OnePlus 11 comes in the premium segment roughly priced under Rs 60,000. Also Read - OnePlus 10 series, OnePlus 8 and more are compatible for 5G network in India OnePlus 11 price, colors, availability The OnePlus 11 is priced at CNY 3,999 (Rs 48,100) for the 12GB + 256GB variant. It costs CNY 4,399 (Rs 52,900) for the 16GB + 256GB variant and CNY 4899 (Rs 58,900) for the 16GB + 512GB variant. Also Read - OnePlus 11 to launch today: How to watch the live stream, what to expect Now that the China launch is done, OnePlus will focus on the global markets including India. The India launch is scheduled for February 7 at 7:30 PM. OnePlus 11 specifications The OnePlus 11 comes with a 6.7-inch punch-hole display with a Quad-HD+ resolution of 3216 x 1440 pixels. It is a Samsung E4 AMOLED panel with LTPO 3.0 support. It has up to 120Hz refresh rate, 10-bit color depth, and Dolby Vision certification. It has Corning Gorilla Glass protection, 1300 nits of peak brightness, and 525 PPI pixel density. The device has an in-display fingerprint scanner offering added security. As for the cameras, the device has a triple rear camera system branded by Hasselblad. This time around, OnePlus has gone with a circular camera island as opposed to the squarish camera island of the One-

# MWC 2023: Qualcomm to ship Apple-chip competitor in 2024




Chip-maker Qualcomm will ship its Apple Silicon-competing chip next year. At Mobile World Congress (MWC) 2023, Qualcomm CEO and President Cristiano Amon revealed that Apple will produce its own 5G modems in the iPhone 16, reports AppleInsider, citing sources. Also Read - Apple supplier Foxlink halts production at Indian facility in Andhra Pradesh after massive fire Qualcomm announces to launch Apple-chip competitor soon "Our SoC and custom CPUs, you should think of it as an Apple compete for the Microsoft ecosystem," Amon said. Also Read - Qualcomm Snapdragon satellite tech announced to release for most smartphones When asked when the new chip was coming, Amon said: "We probably will see some devices that may get announced in 2023." Also Read - Apple MR headset reportedly delayed due to software bugs "Most likely you're going to see a number of announcements at CES in 2024," he added. In November 2021, the chipmaker had talked about making a competitor to then Apple's M1 series of processors. However, the iPhone maker has since released the M2 range, and according to multiple rumours it will have an M3 in a Mac by the end of this year, the report said. Last month, it was reported that Qualcomm was developing a new chipset that will compete against Apple's M-series processors.

# DigiYatra Facility to Be Available for All Passengers at IGI Airport Terminal 2, 3 by March End




Delhi airport operator DIAL on Wednesday said facial recognition technology-based DigiYatra facility will be available for passengers at all entry and boarding gates of Terminal 2 and 3 by the end of March. The DigiYatra facility at entry gates of Terminal 1 of the airport is likely to be operational from April. The Indira Gandhi International Airport (IGIA) in the national capital, operated by the Delhi International Airport Ltd (DIAL), is the country's largest airport and has three terminals. In the first phase, the DigiYatra facility was introduced at three airports — Delhi, Bengaluru and Varanasi — on December 1, 2022. "At present, around 2,500 passengers are using DigiYatra at Delhi Airport's Terminal 3 every day. "After the installation of all the DigiYatra infrastructure at Terminal 3 and Terminal 2, around 40 percent of the daily domestic travellers will be able to get seamless entry into the terminal, security check area, and boarding gates," DIAL said in a release. With the use of DigiYatra, DIAL said passengers will be able to save around 15-25 minutes of their time in the process from entry checks to security checks during peak hours as they will have to spend a few seconds at every touch point. According to the release, DigiYatra-enabled entry gates are being set up at Terminal 1, and are likely to be operational from April 2023. DigiYatra is a biometric boarding system using facial recognition technology to provide a seamless and hassle-free experience for passengers at airports.

## चिंतन

# संसद लोकतंत्र का मंदिर, यह धक्का-मुक्की का स्थान नहीं

संसद लोकतंत्र का मंदिर है। यह राजनीतिक कलह का मंच नहीं है, लेकिन लंबे समय से जिस तरह संसद की मर्यादा का जबरदस्त ह्रास हो रहा है, यह न केवल लोकतंत्र बल्कि पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। देश के 97 करोड़ मतदाता सांसदों को चुनकर संसद में इसलिए भेजते हैं कि वे देश की समस्याओं, विकास और युवा पीढ़ी के सपनों को साकार करने के लिए चर्चा करें और देश को आगे बढ़ाएं। लेकिन संसद में जो हो रहा है वो देश को चिंता में डालने वाला है। युवा के सपने साकार करने के बजाए सांसद सदन में धक्का-मुक्की कर रहे हैं। बात केवल सत्ता पक्ष या फिर विपक्ष की नहीं है। यह मंच हर देशवासी का है। गुरुवार को संसद में जो हुआ उससे पूरा देश शर्मसार है। संसद परिसर में धक्का-मुक्की के दौरान ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हो गए। सारंगी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो उनके ऊपर गिरा। सारंगी जब मीडिया के सामने आए, तब उनके सिर से खून निकल रहा था। सारंगी के अलावा फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को भी चोट आई है। दोनों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। धक्का-मुक्की को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम शांति से प्रदर्शन करने आए थे, लेकिन भाजपा ने मसल पावर दिखाई। ये उनका अडाणी जैसे जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाने का तरीका है। वहीं, भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अगर खड़गे-राहुल को माफी नहीं मांगनी थी तो प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों की। उनका अहंकार झलक रहा है। आज जो संसद में हुआ उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। कांग्रेस ने गुंडे-पहलवान संसद में भेजे हैं। बात यह नहीं है कि कसूर सत्ता पक्ष का है या विपक्ष का। संसद सदस्यों पर विधि निर्माण और संविधान संशोधन की जिम्मेदारी है। आश्चर्य है कि अनेक सदस्य कार्यवाही में बाधा डालते हैं। नियमावली की भी उपेक्षा करते हैं। इससे आहत पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने सदन की नियमावली को ही जला देने की बात कही थी। विधायी संस्थाओं में विधि और नियम का उल्लंघन साधारण घटना नहीं है। सदनों में कार्यवाही की गुणवत्ता की चिंता पुरानी है और इसमें कोई सुधार होने की बजाए हर सत्र के बाद यह गंभीर होती जा रही है। एक समय था जब विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों ही कार्यवाही की पवित्रता के प्रति सजग थे। हमेशा सदन की मर्यादा का ध्यान रखा जाता था। शोर-शराबा और हंगामा विपक्ष का काम नहीं है। राहुल गांधी को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के वक्तव्य पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने लोकसभा के एक प्रकाशन की भूमिका में लिखा है, संसद में अनुशासनहीनता और अव्यवस्था से मर्यादा क्षीण होती है। नागरिकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए, लेकिन हो रहा है बिलकुल इसके विपरीत। बहुत जरूरी है कि संसद के सभी दलों के संसदीय पदाधिकारी परस्पर संवाद बनाएं। संसद में मर्यादा बनाए रखने के विषय पर संसद का विशेष सत्र बुलाने पर विचार करें। पवित्र सदन में संवाद के स्थान पर अव्यवस्था उचित नहीं। इससे न केवल हर देशवासी आहत होता है बल्कि पूरे दुनिया में सबसे बड़े लोकतंत्र की पवित्रतता पर भी आंच आती है। इस पर सभी दलों को गंभीरता से विचार करना चाहिए।



विश्लेषण
शशि शेखर

# कृतज्ञता की भी होती है एक सीमा

बाबा साहेब ने कहा था 'हम भारतीयों को एक महान व्यक्ति के पैरों में अपनी स्वतंत्रता गिरवी नहीं रखनी चाहिए और तमाम शक्तियों से लैस उस महान व्यक्ति पर भी ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए, जिससे कि वह हमारी संस्थाओं का नाश करने में सक्षम हो जाए। इसमें कुछ भी गलत नहीं है कि हम उन लोगों के प्रति आभारी बनें, जिन्होंने देश के लिए जीवन भर सेवाएं दीं, लेकिन कृतज्ञता की भी एक सीमा होनी चाहिए। भक्ति (किसी व्यक्ति की) या नायक पूजा लोकतंत्र के क्षरण और संभावित तानाशाही के लिए एक मार्ग प्रशस्त करती है।' इस उक्ति को मैं इंदिरा गांधी से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री तक के संदर्भ में देखता हूं।

अमित शाह के बयान को बाबा साहेब के संविधान सभा में दिए अंतिम भाषण के सन्दर्भ में देखना काफी दिलचस्प होगा। अमित शाह की यह एक खूबी राजनीति में रेयर है, पॉलिटिकल करेक्ट न हो तब भी वो बात कहने की ताकत। बाबा साहेब ने संविधान सभा के अपने अंतिम भाषण में तीन महत्वपूर्ण बातें कही थी। ये बातें नहीं चेतावनी थी। भारत के हर नागरिक को इसे ताबीज बना कर अपने गले से लटका कर चलना चाहिए, क्योंकि ये तीन चेतावनियां ही किसी को भी एक लोकतांत्रिक राष्ट्र का सशक्त नागरिक होने का एहसास कराती हैं।

बाबा साहेब ने जॉन स्टुअर्ट मिल को कोट करते हुए कहा था 'हम भारतीयों को एक महान व्यक्ति के पैरों में अपनी स्वतंत्रता गिरवी नहीं रखनी चाहिए और तमाम शक्तियों से लैस उस महान व्यक्ति पर भी ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए, जिससे कि वह हमारी संस्थाओं का नाश करने में सक्षम हो जाए। इसमें कुछ भी गलत नहीं है कि हम उन लोगों के प्रति आभारी बनें, जिन्होंने देश के लिए जीवन भर सेवाएं दीं, लेकिन कृतज्ञता की भी एक सीमा होनी चाहिए। भक्ति (किसी व्यक्ति की) या नायक पूजा लोकतंत्र के क्षरण और संभावित तानाशाही के लिए एक मार्ग प्रशस्त करती है।' इस उक्ति को मैं इंदिरा गांधी से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री तक के संदर्भ में देखता हूं। कदाचित, मैं अमित शाह की तारीफ़ नहीं करता। लेकिन, कल-परसों जब बाबा साहेब वाली टिप्पणी उन्होंने की, तो मुझे लगा कि यह शख्स इतना अबूझ भी नहीं की राजनीतिक रूप से इतना खतरनाक बयान दे। यह शायद इस व्यक्ति की मूलवृति है कि सच बोल दो, भले नुकसान हो जाए। वैसे भी जो अपने घर से निकाला जा चुका हो, उसे और अधिक भय क्या होगा?

गांधी जी के चतुर बनिए बयान से बाबा साहेब पर ताजा बयान तक, अमित शाह का बयान मैं सिर्फ और सिर्फ उपरोक्त कोट (बाबा साहेब के भाषण) के सन्दर्भ में ही देखना चाहता हूं। और तमाम बाबा साहेब में आस्था रखने वालों से पूछना चाहता हूं कि आप बाबा साहेब को कितना जानते हैं, कितना अपधाते हैं और क्या आपने सिर्फ इसी एक भाषण के अंश को पढ़ा और समझा है, जिसमें बाबा साहेब खुद व्यक्ति पूजा, नायक पूजा को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हैं। आप बाबा साहेब के निर्देश (पढ़ो-लिखो, ताकतवर बनो) पर कितना अमल करते हैं। आपके लिए नायक प्रोफ़ेसर रतन लाल होने चाहिए, जिन्होंने पढ़ लिखकर अपने समाज के लिए मिसाल पेश की या कोई टुच्चा नेता, जिसकी भाषा में भी बाबा साहेब की शाब्दिक गरिमा तक नहीं झलकती? या आपको मैनिपुलेट करने वाला एक टुच्चा टाइप पूर्व पत्रकार जो आजकल सरकार की नायक और व्यक्ति पूजा में लीन है? मैं बस इन चंद सरल सवालों तक ही रुक जाता हूं। क्योंकि मेरे कठिन प्रश्न अलबत्ता आपको समझ नहीं आएंगे, आ भी गए तो जवाब आप दे नहीं पाएंगे। ऐसे में अमित शाह ने बिलकुल सही कहा कि आप किसी व्यक्ति को फैशनेबल बना कर अपने समाज या राष्ट्र का भला नहीं कर सकते।

जैसे, वीर सावरकर या दीनदयाल उपाध्याय का नाम लेते रहने से हिन्दुओं का कोई भला नहीं होने वाला है।



क्योंकि मैं तमाम भाजपा समर्थकों से सिर्फ इतना पूछ लूं कि दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद का सर्पिल संरेखण (स्पाइरल स्ट्रक्चर) का अर्थ क्या है, तो मुंह बा देंगे। इसलिए, मुझे लगता है कि पॉपुलर परसेप्शन से दूर जाकर खतरनाक सच बोलने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए। यह हिम्मत मैं राहुल गांधी में भी कई बार देखता हूँ, लेकिन मनुस्मृति बिना पढ़े उस पर टिप्पणी करके वे कभी-कभी लड़खड़ा जाते हैं। ऐसे में अमित शाह का बयान राजनीतिक रूप से भले करेक्ट न हो, व्यवहार्य में एकदम सटीक है। आप माने ना माने। हिन्दुस्तान के दलित विमर्श में या अन्य ऐसे किसी भी ऐसे विमर्श को लेकर एक बड़ी दुविधाजनक स्थिति है। दलित साहित्य पर बात प्रेमचंद करेंगे, लेकिन उनकी आलोचना होगी। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री दोक्टोरे श्रीकृष्ण सिंह देवघर के मंदिर में दलितों को एंट्री दिलाएंगे और भारत का पहला राज्य बिहार को बनाएंगे जहां, बाकायदा क़ानून बनाकर जमींदारी प्रथा का उन्मूलन किया गया, लेकिन उन्हें हमेशा सवर्णों का नेता ही माना जाएगा।

वैसे ही वीपी सिंह ने मंडल आरक्षण के जरिये एक मूक सामाजिक क्रान्ति ला दी, लेकिन पिछड़ों का नेता उन्हें कभी नहीं माना जाएगा। तो, यह सब परसेप्शन और एक आम धारणा का खेल है, जो अक्सर राजनीति मे सबसे फिट बैठता है। मसलन, मुस्लिम तुष्टिकरण एक ऐसा शब्द है, जिसे मैं आज तक समझ नहीं पाया। 70 साल तक अगर किसी एक कौम का तुष्टिकरण किसी दल ने किया, तब भी वह कौम आज विकास के सभी पैमानों पर कहां है, इसे बताने के लिए इस देश को सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्रा कमिशन बनाना पड़ता है। ऐसे में, बाबा साहेब के नाम पर या कांशीराम जी के नाम पर राजनीति तो होगी ही, लेकिन उनके विचारों को कितना अमल में लाया जाएगा, यह किसी के एजेंडे पर नहीं है। चाहे वह कांग्रेस हो, मायावती हो या भाजपा ही क्यों न हो? इस हमाम में सब साफ़-सुथरे कपड़े पहनकर मजा ले रहे हैं। ऐसी स्थिति में अमित शाह या किसी भी नेता के द्वारा बाबा साहेब पर ऐसा बयान देना कितना खतरनाक हो सकता है, सब जानते हैं। फिर भी, सच बोलना हिम्मत की बात है। अमित शाह ने हिम्मत के साथ बयान दिया। और मैं इसलिए ऐसा कह रहा हूं कि मैं इस बयान को सिर्फ और सिर्फ बाबा साहेब के उपरोक्त भाषण के नजरिये से ही देख रहा हूं। रही बात विकास की, तो कौन किसका विकास करता है, यह सवर्ण भी जानते हैं, दलित भी जानते हैं, पिछड़े भी जानते हैं, अल्पसंख्यक भी। लेकिन, राजनीति है और राजनीति सबको करनी है, सो राजनीति का लोकतंत्र का नृत्य जारी है।

बता दें कि बुधवार 18 दिसंबर को राज्यसभा मे संविधान पर चर्चा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था, 'अभी एक फैशन बन गया है... अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।' अमित शाह के बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर दिए गए इस बयान पर राजनीति गरमा गई है। पूरे देश में बाबा साहेब के अनुयायियों और विपक्ष में गृहमंत्री अमित शाह के लिए जबरदस्त गुस्सा और आक्रोश व्याप्त है। वहीं, अमित शाह ने इस पूरे मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। पहले उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के एडिटेड कर के शेयर किया था। मैं मीडिया से भी अनुरोध करना चाहता हूं कि वह मेरा पूरा बयान जनता के सामने रखें, मैं उस पार्टी से हूं जो कभी भी अंबेडकर जी का अपमान नहीं कर सकती। जब भी भारतीय जनता पार्टी सत्ता में रही, अम्बेडकर जी के सिद्धांतों का पालन किया। हमने आंबेडकर जी के सिद्धांतों का प्रचार किया है।

## प्रौद्योगिकी
प्रमोद भार्गव



# विलो-क्वांटम चिप कंप्यूटर तकनीक का नया आधार


गूगल ने वर्ष 2024 के अंतिम माह दिसंबर में विलो नाम की क्वांटम चिप बनाकर तकनीक के क्षेत्र में बड़ा हल्ला मचा दिया है। अत्यंत सूक्ष्म महज 4 वर्ग सेंटीमीटर की यह चिप एक तरफ तो 30 साल से भी ज्यादा पुरानी समस्या का हल खोजने में सक्षम है, वहीं यह चिप 5 मिनट में ऐसे कार्य कर सकती है, जिन्हें करने में सबसे तेज सुपर कंप्यूटर को भी 10 सेप्टिलियन अर्थात अरबों साल लग सकते हैं। अतएव इससे कृत्रिम बुद्धि, फ्यूजन ऊर्जा तथा ब्रह्मांड के तारामंडल के गृह-नक्षत्रों को जानने में मदद मिलेगी। मौसम व प्राकृतिक आपदाओं की सटीक भविष्यवाणी करने में सुविधा होगी। तकनीक के क्षेत्र में इस नवीन उपलब्धि की सर्वत्र चर्चा है। एलन मस्क जैसे लोग इस उत्पाद को लेकर अचंभित हैं। इसलिए इसे सुपर ब्रेन की संज्ञा दी जा रही है। विलो चिप व्यावसायिक रूप में क्वांटम कंप्यूटिंग की नई दिशा तय करती हुई मील का पत्थर साबित होगी। दुनिया में इस समय दिन दूनी ,रात चौगुनी गति से प्रगति हो रही है। कुछ समय पहले तक असंभव सी लगने वाली चीजें आज प्रौद्योगिकी की मदद से सरलता से परिणाम तक पहुंच रही हैं। एक समय संगणक के विकास ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किया था। अब कृत्रिम बौद्धिकता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) ने चिकित्सा से लेकर हथियारों के निर्माण तक हर क्षेत्र में कंप्यूटर और रोबोट के प्रयोग को नया आयाम दिया है। पारंपरिक कंप्यूटर की दुनिया में इस प्रगति के समानांतर एक और अनुसंधान चल रहा है, जिसका नाम है 'क्वांटम कंप्यूटिंग' यानी अति-सूक्ष्मता का विज्ञान। भारत ने भी अब इस क्षेत्र में गति लाने का ऐलान कर दिया है। भौतिक-शास्त्र के क्वांटम सिद्धांत पर काम करने वाली इस कंप्युटिंग में असीमित संभावनाएं देखी जा रही हैं। शोध के लिहाज से यह विषय किसी के लिए भी रुचिकर हो सकता है। इस क्वांटम कंप्युटिंग या मैकेनिक्स की खास बात यह है कि इसकी शुरुआत के बाद भारतीय और पश्चिमी वैज्ञानिक यह मान रहे हैं कि भारतीय भाववादी सिद्धांत को जाने बिना अणु या कण में चेतना का आकलन नहीं किया जा सकता। क्वांटम भौतिकी और कृत्रिम बौद्धिकता एक तरह से चेतना के भाववादी सिद्धांत को ही अस्तित्व में लाने के उपाय हैं। क्वांटम कंप्युटिंग या यांत्रिकी एक लैटिन शब्द है। इसका अर्थ अतिसूक्ष्म कण है। इस विषय के अंतर्गत पदार्थ के अति सूक्ष्म कणों का अध्ययन किया जाता है। इनमें परमाणु, न्यूक्लियस एवं इलेक्ट्रॉन व प्रोटॉन सभी मौलिक कणों का अध्ययन शामिल है। इसमें इनके व्यवहार और उपयोगिता का अध्ययन किया जाता है।

क्वांटम सिद्धांत के तहत अणु, परमाणु और इनके भी मूलभूत कण बेहद लघुतम अवस्था में मौजूद रहते हैं। इस खोज पर 1918 में मैक्स प्लांक को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार भी मिला। 1924 में सत्येंद्रनाथ बोस ने प्लांक के विकिरण नियम को समझाने के लिए एक सर्वथा नवीन विधि सुझाई। उन्होंने प्रकाश की कल्पना द्रव्यमानरहित कणों के एक गैस पिंड के रूप में ली। इसे फोटॉन गैस के रूप में मान्यता मिली। बाद में इस मान्यता को अल्बर्ट आइंस्टीन ने भी स्वीकृति दी। कण-यांत्रिकी को कल के कंप्यूटर का भविष्य माना जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि इसकी मदद से आंकड़ों और सूचनाओं को कम से कम समय में प्रसारित किया जा सकेगा। एआई,जीपीटी चेट और चैटबॉट जैसी तकनीक इसकी सहायता से और तेजी से गतिशील रहेंगी। लेकिन विलो चिप निर्माण कर लिए जाने की घोषणा ने सुपर कंप्यूटर के निर्माताओं को फिलहाल सकते में डाल दिया है क्योंकि विलो चिप की क्षमताएं ब्रह्मांड व्यास की तरह शक्तिशाली और असीमित बताई गईं हैं। ऐसा भी माना जा रहा है कि क्वांटम यांत्रिकी का क्षेत्र जितना महत्वपूर्ण है, उस तुलना में इस क्षेत्र में कुशल युवाओं की संख्या बहुत कम है।

क्वांटम कंप्यूटर की क्षमता को देखते हुए इसके विकास में भारत समेत अनेक देश लगे हैं। यही वजह है कि आविष्कार से पहले इसकी क्षमताओं का मूल्यांकन कर लेने वाले देश इसके अनुसंधान पर बढ़ी राशि खर्च कर रहे हैं। चीन ने 15 अरब डॉलर खर्च करने की घोषणा की है। यूरोपीय यूनियन ने इस क्षेत्र में करीब 8 अरब डॉलर खर्च कर रही है। भारत सरकार ने भी इस दिशा में शोध को बढ़ावा देने के लिए क्वांटम सूचना-विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्था का गठन तो पहले ही कर लिया था, लेकिन केवल क्वांटम तकनीक पर नवीन शोध और आविष्कार के लिए 2023-24 से 2030-31 तक चलने वाले इस अभियान पर इस 6003.65 करोड़ खर्च किए जाएंगे। भारत इतनी बड़ी राशि पहली बार खर्च कर रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
## दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
## प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### खरमास में न करें मांगलिक कार्य

सनातन धर्म में खरमास की अवधि को अत्यधिक महत्वपूर्ण समय माना जाता है। खरमास की अवधि वर्ष में दो बार आती है और प्रत्येक बार यह लगभग 30 दिनों की होती है। देखा जाए तो इनमें से एक अवधि प्रायः मार्गशीर्ष एवं पौष महीने के संधिकाल में आती है, जब खरमास का जन्म होता है। इस बार 15 दिसंबर रविवार को खरमास आरंभ हो गया है, जो 14 जनवरी मंगलवार तक रहेगा। हमारे धार्मिक ग्रंथों में वर्णन है कि खरमास के दौरान अंशु तथा भग नामक दो आदित्य, कश्यप और क्रतु नाम के दो ऋषि, महापह्म एवं ककोंटक नाम के दो नाग, चित्रांगद और अर्णायु नामक दो गंधर्व, सहा तथा सहस्या नाम की दो अप्सराएं, तार्क्ष्य एवं अरिष्टनेमि नाम के दो यक्ष और आप तथा वात नाम के दो राक्षस सूर्यदेव के रथ के साथ-साथ चलते हैं। खरमास की अवधि में पूजा-पाठ करें, परंतु मांगलिक कार्य न करें। – *मनोज शुक्ला, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# भारत, अमेरिका ने अंतरिक्ष सहयोग की रूपरेखा तैयार की

भारत और अमेरिका के अधिकारियों ने अंतरिक्ष सहयोग में अगले कदमों की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान, संयुक्त अंतरिक्ष अन्वेषण और बढ़ती अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए अंतरिक्ष कंपनियों के बीच वाणिज्यिक साझेदारी को सुविधाजनक बनाने की प्रतिबद्धता शामिल है। व्हाइट हाउस ने बुधवार को बताया कि इस संबंध में ह्यूस्टन में 17 दिसंबर को एक बैठक आयोजित की गई थी जिसमें अमेरिका के प्रधान उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर, उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा शामिल हुए। व्हाइट हाउस ने एक तथ्य-पत्र में कहा, ''(पूर्व) राष्ट्रपति (जो) बाइडन और प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी की जून 2023 में 'अंतरिक्ष सहयोग के सभी क्षेत्रों में नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने' के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता और भारत के आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर के बाद दोनों देश नागरिक, सुरक्षा और वाणिज्यिक अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग को लेकर एक महत्वपूर्ण बिंदु पर पहुंचे।' उसने कहा,'इसमें मानव युक्त अंतरिक्ष उड़ान, संयुक्त अंतरिक्ष अन्वेषण और बढ़ती अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में हमारे साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी और भारतीय अंतरिक्ष कंपनियों के बीच वाणिज्यिक साझेदारी को सुविधाजनक बनाने की प्रतिबद्धता शामिल है।'



## ऑफ बीट

# अध्ययन से स्पष्ट, लोग नकदी कम खर्च करते हैं

मेहनत की कमाई किसी को देना हमेशा से थोड़ा कष्टदायी होता है। और ऐतिहासिक रूप से, अध्ययनों में पता चला है कि ग्राहकों को जब नकदी में भुगतान करना होता है तो वे कम पैसा खर्च करते हैं। इस सदी की शुरुआत में यह पता लगाने अध्ययन किया गया था कि ज्यादातर उपभोक्ता नकदी से भुगतान करते हैं या फिर प्री-पेड कार्ड का उपयोग करके। अध्ययन में पता चला कि लोग नकदी कम खर्च करते हैं। इस अध्ययन के दौरान किराने की एक दुकान में उपभोक्ता रसीदों की पड़ताल करके इसकी पुष्टि की गई थी। साक्ष्य यह भी बताते हैं कि ग्राहक पारंपरिक रूप से नकदी की जगह डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करके ज्यादा भुगतान करते रहे हैं। भुगतान का तरीका आपके मनोविज्ञान से जुड़ा होता है। यह भी पता चला है कि नकद पैसे देने से भुगतान का कष्ट उपभोग के आनंद को फीका कर देता है। वास्तव में, यह पता चला है कि नकदी का उपयोग मन को दुखी कर देता है। यह भी पता चला है कि मोबाइल भुगतान (उदाहरण के लिए, फोन या स्मार्टवॉच से) भी क्रेडिट या डेबिट कार्ड के उपयोग की तरह ही खर्च को प्रभावित करता है। यानी, नकदी की तुलना में मोबाइल से भुगतान करते समय अधिक पैसा खर्च होता है।



## ट्रेंड

### कांग्रेस आरक्षण विरोधी

काका कालेलकर आयोग और मंडल कमीशन की रिपोर्ट्स को ठंडे बस्ते में डालने वाली कांग्रेस आरक्षण विरोधी है। राजीव गाँधी जी ने सबसे लंबा भाषण ओबीसी आरक्षण के विरोध में दिया था।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### भाजपा की मंशा

भाजपाई बाबासाहेब के बनाये संविधान को अपना सबसे बड़ा विरोधी मानते हैं क्योंकि उनको लगता है कि वो जिस प्रकार ग़रीब, दमित का शोषण करके अपना प्रभुत्व कायम करना चाहते हैं, उनकी इस मंशा के आगे संविधान ढाल बनकर खड़ा है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



### थोरियम का सबसे बड़ा भंडार

दुनिया में थोरियम का सबसे बड़ा भंडार भारत के पास है? प्रचुर मात्रा में थोरियम हमारे पास थोरियम को यूरेनियम में बदलने और छोटे रिएक्टरों का उपयोग करके उससे बिजली पैदा करने की तकनीक है जो लागत प्रतिस्पर्धी है। परमाणु ऊर्जा देश का चेहरा बदल सकती है।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति



### मेरा व्यंग्य संग्रह

मेरे व्यंग्य संग्रह "मौन मुस्कान की मार" का एक व्यंग्य 'भग्गू पटेल उर्फ बीसीपी' .. समय मिले तो सुनिएगा, व्यंग्य का लिंक मेरे एक्स अकाउंट पर उपलब्ध है। आपका स्नेह मेरे परिष्कार का कारक है।

-आशुतोष राणा, अभिनेता





# Big projects meant for Maharashtra are being shifted to Gujarat : Rahul Gandhi

▶ Accuses Narendra Modi-led government in Delhi of pulling strings

New Delhi, Dec 19 Congress leader Rahul Gandhi on Monday said big projects that were supposed to be set up in Maharashtra were being shifted to Gujarat with the Narendra Modi-led government in Delhi pulling the strings.Stating that the TATA-Airbus plant set up in Surat was one such project, Gandhi, who was addressing a press conference in Mumbai, said there were multiple such projects that were to be set up in Maharashtra and were getting shifted to Gujarat at the instance of the Modi-led government.Youths of Maharashtra have lost six lakhs jobs in the process, Congress MP and Leader of Opposition in the Lok Sabha said. Polling for the Assembly elections in Maharashtra is slated to take place on Wednesday. The last date for campaigning in the state is Monday.Ridiculing the prime minister's slogan "ek hei to safe hei" (you are safe when you are united), Gandhi said only industrialist Gautam Adani was safe under the BJP regime and by 'unity', Modi meant the unity between him and Adani.Gandhi said Modi was hell-bent on handing over the Dharavi Project to Adani from which the latter was expected to generate a profit of Rs 1 lakh crore. He added none of the clauses of the tender meant for the protection of the residents of Dharavi would be adhered to once the contract was awarded to the Adani Group.On whether opposition to the Adani Group was a common threat binding the Congress to its MVA ally Shiv Sena (UBT), Rahul said both Shiv Sena (UBT) and Congress were keen to protect the interest of the people of Maharashtra and would foil designs hatched to deprive them of what was their due.



## How PCOS and Hypertension Cause Infertility

Dr. Lipsa Mishra Polycystic Ovary Syndrome (PCOS) and hypertension are two prevalent health conditions that can significantly impact a woman's fertility. Both conditions interfere with the body's reproductive processes, making conception more challenging and sometimes leading to long-term complications."Polycystic Ovary Syndrome (PCOS) and hypertension are two common health conditions that can significantly impact fertility. PCOS, characterized by hormonal imbalances, irregular menstrual cycles, and ovarian cysts, can prevent ovulation, making conception more difficult. Similarly, hypertension can disrupt blood flow to the reproductive organs, affecting egg quality and implantation," says Dr. Lipsa Mishra, IVF Specialist at Birla Fertility and IVF, Bhubaneswar. PCOS is one of the leading causes of female infertility. It affects up to 10% of women of reproductive age, causing hormonal imbalances that result in irregular or absent ovulation. Without ovulation, it is difficult for the sperm to fertilize an egg. The condition may also lead to insulin resistance, a risk factor for obesity, which can further disrupt hormonal balance and reduce fertility.Dr Lipsa mentions "Both conditions can also lead to complications such as insulin resistance or obesity, further reducing fertility. Managing these conditions through proper medical care and lifestyle changes can improve fertility outcomes, increasing the chances of successful conception for those affected."

## Fracas on Parliament premises, 2 BJP MPs injured; NDA, Congress file police complaints

▶ The BJP charges the Leader of Opposition in Lok Sabha with pushing an MP leading to injuries to two of its lawmakers.

New Delhi, Dec 19 The acrimonious face-off between the opposition and ruling NDA over alleged insult to B R Ambedkar took an unprecedented ugly turn on Parliament premises on Thursday with claims of pushing and shoving involving MPs, leaving two BJP members hospitalised and a woman BJP MP accusing Rahul Gandhi of "misbehaving" with her.

The BJP charged the Leader of Opposition in Lok Sabha with pushing an MP leading to injuries to two of its lawmakers, but Gandhi denied it and said it was he who was pushed by a ruling party member while Congress president Mallikarjun Kharge also accused protesting BJP members of shoving him and injuring his knees.

Both sides lodged complaints at Parliament Street police station, blaming each other for what must be a sordid incident without parallel involving MPs within the premises of Parliament. They also complained to the respective Chair in the Lok Sabha and the Rajya Sabha against each other.



BJP MPs Mukesh Rajput and Pratap Chandra Sarangi sustained injuries and were admitted to the RML hospital, with Prime Minister Narendra Modi speaking to them over phone to enquire about their health.The hospital's Medical Superintendent Dr Ajay Shukla said they had sustained head injuries.

"We have filed a complaint against Rahul Gandhi for physical assault and incitement," BJP MP Anurag Thakur told mediapersons outside the police station.A number of MPs of the ruling BJP-led National Democratic Alliance were protesting at the steps of Parliament's 'Makar Dwar', an entrance and exit reserved for lawmakers, against the Congress's alleged insult of Ambedkar, while MPs from the Congress and its allies were demonstrating over Union Home Minister Amit Shah's remarks on Ambedkar and accused the BJP of slighting the architect of the Constitution.

BJP MPs claimed that Gandhi tried to push his way inside Parliament through the middle of the stairs where they were standing, ignoring a side passage, and caused injuries in the ensuing jostling. However, some opposition MPs claimed that the BJP members refused to give way to Gandhi who was heading to the Lok Sabha to attend the House proceedings.

Rejecting the BJP members' charge, Gandhi told reporters, "I was trying to enter Parliament and the BJP MPs were stopping me, pushing me and threatening me."The incident happened minutes before both Houses were to convene at 11 am.The 69-year-old Sarangi, a BJP member from Balasore in Odisha and a former minister, suffered injuries on the left temple. BJP member Nishikant Dubey accused Gandhi of pushing the senior leader.

"Are you not ashamed, Rahul, you are resorting to rowdy behaviour ('gundagardi'). You pushed an old man," a furious Dubey told Gandhi."He pushed me," Gandhi countered Dubey, walking off after having a cursory look at Sarangi, who was being attended to by fellow BJP members. Sarangi was later wheeled off to an ambulance."Rahul Gandhi pushed an MP, who fell on me and I got injured," he told reporters as BJP members squatted at the Makar Dwar raising slogans against the Congress. Hitting out at Gandhi, Parliamentary Affairs Minister Kiren Rijiju said appropriate action would be taken in the matter. "Parliament is not a place to show physical strength. It is not a wrestling ring," he said.

Dubey told reporters, "I am a four-time MP. I have seen something like this for the first time. I have never seen Congress leaders barging into the BJP's protest or BJP members doing the same when Congress protests. Why did the Congress disrupt the BJP's protest today? This shows that their only aim is hooliganism."

A number of ruling alliance MPs, including Union ministers, met their injured colleagues in the hospital as the incident blew up into a major row.Both Houses witnessed massive uproar amid 'Jai Bhim' chants from both sides and were adjourned without witnessing any transaction.Congress MPs met Lok Sabha Speaker Om Birla and submitted a complaint against the alleged unruly conduct by BJP MPs against Rahul Gandhi and attempts to stop him from entering Parliament House.

## Amit Shah would have been 'scrap dealer' if there wasn't Ambedkar's Constitution: Siddaramaiah

▶ Says if Rajya Sabha Chairman Jagdeep Dhankhar was really functioning under the Constitution, he should have immediately suspended Shah from the House



New Delhi, Dec 19 Stepping up the attack against Union Home Minister Amit Shah for his comments on BR Ambedkar in Parliament, senior Congress leader and Karnataka Chief Minister Siddaramaiah on Thursday claimed that Shah would have been a "gujari" (scrap dealer) if there wasn't Ambedkar's Constitution.The chief minister further said that if Rajya Sabha Chairman Jagdeep Dhankhar was really functioning under the Constitution, he should have immediately suspended Shah from the House.Reading out a detailed statement in the assembly amid din by both the BJP and Congress MLAs over the issue, Siddaramaiah said the entire country has heard the "derogatory" words spoken by the Home Minister about Babasaheb Ambedkar. Stating that there is nothing surprising in the words spoken by Shah, Siddaramaiah said what was in the minds of the BJP and Sangh Parivar leaders has come out in the open."First of all, I congratulate you (Amit Shah) for openly and courageously revealing the innermost opinion of the Bharatiya Janata Party about Babasaheb Ambedkar before the country and for finally telling the truth in your lifetime," he said.He said that if there were no Constitution, Shah would have been a "scrap dealer" in his village and not the Home Minister of the country.Shah on Wednesday accused the Congress of twisting facts and distorting his comments on B R Ambedkar in the Rajya Sabha, asserting that its malicious campaign after the discussion on Constitution "established" the opposition party as being "anti-Ambedkar and anti-reservation".

## TTD BOARD RESOLUTIONS

Hyderabad, Dec.19 The Tirumala Tirupati Devasthanms (TTD) board in its maiden meeting under the Chairmanship of B R Naidu has taken some important decisions on Monday.After the completion of the board meeting at Annamaiah Bhavan in Tirumala, the TTD board Chief along with the EO J Syamala Rao briefed the decisions to the media. Some excerpts.Reducing the darshan time of Sri Venkateswara Swamy from 20-30hours to 2-3hrs using Artificial Intelligence and advanced technology by taking the Experts' adviceMerging of SRIVANI Trust into TTD Account and verifying the possibilities to change its name while continuing the Scheme.The board has given a nod to dispense with the Tourism Corporations Darshan quota of various states after a thorough examination of the complaints regarding irregularities in the issue of SED tickets under this category.The piled up debris in the Dumping Yard at Tirumala to be cleared within 3-4 months.Srinivasa Setu Fly Over to be renamed as Garuda Varadhi. Board to request the State Government to hand over the 20acre land given to Tourism at Alipiri to TTD near Devlok Project.Writing a letter to the State Government for taking an appropriate decision about the non-Hindus working in Tirumala.Providing Darshan to Tirupati locals on the first Tuesday of every month.No political statements in Tirumala and action will be taken legally if needed against such persons as well on those who propagate them.Keeping in view the safety of TTD deposits, a decision will be taken in the next board meeting to deposit them in the Nationalized banks by withdrawing the already deposited ones from Private banks.Using the enhanced quality of ghee in the preparation of Srivari Laddu.Introducing one more tasty recipe in the every day menu at Annaprasadam Complex in Tirumala for the devotees.As the Visakha Sarada Peetham has violated the rules of TTD, following the Experts Committees' report the lease of the Mutt will be cancelled.The repairs of leakages in the age old Potu-temple kitchen in the Srivari temple along with the modernization of Vengamamba Annaprasadam Complex will be taken up by the TVS company.

## Day after quitting AAP, Kailash Gahlot joins BJP

New Delhi, Dec 19 Former Aam Aadmi Party leader and Delhi transport minister Kailash Gahlot on Monday joined the BJP in the presence of top saffron brass led by union minister Manohar Lal Khattar.While inducting Gahlot into the BJP, Khattar said "this is the turning point in Delhi politics". Khattar said Gahlot had joined the BJP after comparing internal systems and policies of the two parties, and seeing the spirit of service of the BJP and PM Narendra Modi to the nation.

Khattar said that Gahlot being Najafgarh MLA for two terms is closely linked to Haryana as Najafgarh may geographically be in Delhi but for all other purposes it is part of Haryana. Gahlot, meanwhile, rubbished the AAP allegations that he had joined the BJP under duress and said he had never acted in his entire life under force."I have willingly joined the BJP looking at PM Modi's policies and




after getting disillusioned by AAP which came into existence to serve the people of Delhi but completely compromised on its values.

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अभय सिंह सैनी द्वारा आर डी प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स (प्राइवेट) लिमिटेड A -24 सेक्टर 8 नोएडा से मुद्रित एवं नियर शिव मंदिर ग्राम बैंसी (204) नूंह हरियाणा से प्रकाशित संपादकः अभय सिंह सैनी आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 (प्रकाशित लेखों के लेखकों की राय से संपादक या प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं) किसी भी वाद विवाद की स्थिति में जिला नूंह न्यायलय ही मान्य होगा

# 'No regrets' about retiring, says Ashwin on return to Chennai

Chennai, Dec 19 R Ashwin has "zero regrets" about his sudden decision to retire from international cricket at the end of the Gabba Test, stating his desire to play for Chennai Super Kings for "as long as I can" because "I don't think Ashwin the cricketer is done".

After announcing his retirement in Brisbane on Wednesday afternoon, Ashwin was back in Chennai by Thursday morning and was received at home by his family and friends amid much fanfare, which included flower garlands, autograph hunters and a band.

"I never thought so many people will come here. I just wanted a quiet entry, and was looking forward to relax at home. But you have made my day," Ashwin told the crowd gathered near his residence. "I have played Test cricket for so many years, but the last time (I saw something) like this was after the 2011 World Cup."It's emotional for a lot of people, and may be it will sink in (in some time) but for me, personally, it is



a great sense of relief and satisfaction," Ashwin said of his decision to retire. "It was very instinctive and it has been running in my head for a while. I just felt (it) on day four and I just called it a day."To be honest, we all go through a lot in our career, not only for cricketers but in general. Generally, when I go to sleep I remember a lot of things like taking wickets, making runs, but those memories are not there in the last two years. So, that was a clear indication that we need to take a different route now. I have not set any new goals, as I just want to relax now. Actually, it's difficult for me to stay inactive, but I want to try that now."

# CT deadlock ends; India to play its matches at neutral venue





Dubai, Dec 19 The deadlock over the hosting of Champions Trophy finally ended on Thursday when the ICC announced that India will play their matches of the 50-over event at a neutral venue instead of in the host country Pakistan, which will have a similar arrangement for tournaments to be held in India till 2027."The ICC Board has approved that all matches between India and Pakistan played at ICC events during the current rights cycle from 2024 to 2027 (which are to be hosted in India or Pakistan) will be played at a neutral venue proposed by the tournament host," said the ICC in a statement.The arrangement will apply to the Champions Trophy 2025 (Pakistan), next year's women's Cricket World Cup in India and the T20 World Cup in 2026 in India and Sri Lanka. India had refused to travel to Pakistan for the event scheduled in February-March due to security concerns. India have not played in Pakistan since the 2008 Mumbai terror attacks."The schedule for the ICC Champions Trophy 2025 is set to be confirmed soon," the ICC stated.

# India hope misfiring top order will come good after Gabba jailbreak

▶ India snatched a draw in the rain-blighted third Test in Brisbane despite yet another top-order debacle that left them reeling at 74-5 in reply to Australia's 445

New Delhi, Dec 19 A jailbreak at the Gabba has brought a palpable sense of relief in the India camp, while giving rise to hope their misfiring top order will finally come good in more batting-friendly conditions in the final two tests against Australia.

India snatched a draw in the rain-blighted third Test in Brisbane despite yet another top-order debacle that left them reeling at 74-5 in reply to Australia's 445. Number seven batter Ravindra Jadeja inspired a spirited rearguard action and India's final pair of Akash Deep and Jasprit Bumrah combined in a 47-run partnership to stave off follow-on.

While India managed to keep the five-test series level at 1-1 heading into the Boxing day test in Melbourne, the fragility of their top order remains a major concern for the tourists.In five completed innings so far in the series, only once have India managed an opening stand of more than 12 runs.

The lone exception came in the second innings of the series opener in Perth where Yashasvi Jaiswal and KL Rahul forged a 201-run partnership to set up their comprehensive victory.The poor starts meant on three out of those five occasions, India posted sub-200 scores, including twice in the day-night second Test in Adelaide, which Australia won by 10 wickets.

There is a growing feeling in the camp, though, that the worst is behind them and that batting will be easier in the last two Tests in Melbourne and Sydney."Whatever happened today, it gave us confidence ahead of Melbourne,"



India captain Rohit Sharma told reporters on Wednesday."We're aware we have to start from scratch, conditions are different there and the ball may not move around so much there like it did here." Rohit's own struggle with form is symptomatic of the greater malaise afflicting the Indian top order.The 37-year-old, who missed the opening test to be with his newborn son in Mumbai, has just one fifty in his last 13 test innings.The opener has moved down to the middle order in his bid to regain form but managed a highest score of 10 in three innings."I have not batted well, there is no harm in accepting that," Rohit said, denying he was feeling under pressure."As long as my mind, my body and my feet are moving well, I'm pretty happy with how things are panning out for me." India need to win both matches to make the World Test Championship (WTC) final for the third time in a row without having to rely on other results.Champions Australia need two wins and a draw in their next four Tests, which include two in Sri Lanka, to be sure of qualification.

# Jadhav beats Olympians to win 50m 3P gold



New Delhi, Dec 19 In one of the biggest upsets of the ongoing National Shooting Championships, Navy's Kiran Jadhav saw off two of the biggest Indian stars in the 50m 3 positions final in Bhopal.Though a shock result for everyone, it was normal business for Jadhav, who had already won the national prize in 2021 with both reigning world champion Swapnil Kusale and two-time Olympian Aishwary Pratap Singh Tomar in that final field.

On Wednesday, Jadhav went under the radar during the first two disciplines of kneeling and prone and stayed in touch with early pace setters, including Kusale. He then hit his strides in the standing position to win the big prize.


He shot 465.8, finishing 2.7 points ahead of second placed Tomar. Kusale, who led the final till the 40th shot, finished third with a total of 451.8 points."I am not as strong in kneeling and prone positions so my focus was to be steady to stay in the running. When the standing rounds came I could rise in the rankings as it is my strongest discipline," Jadhav told.

This is not his first dig as the 29-year-old chief petty officer of the Navy has won the World Championships team gold alongside Arjun Babuta and Rudrankksh Patil. Shooting came to him after he shifted to Mumbai from Bhatamwadi village in Satara. Once he joined the Pillai College he got drawn to the sport as the Lakshya Shooting Club has a tie-up with the institution. Former shooter and acclaimed coach Suma Shirur saw potential and all his needs were taken care of.

"He came from a humble family in Satara. We saw a lot of potential in him and he was fully sponsored by our club," Shirur said. "He joined the Navy as he had to have a job but even now he comes and trains when he can," she added.Jadhav has no qualms in accepting the big role played by Shirur in his career. "I come from a village that has a population of 1,500. My father is a farmer. We do not have the money for this sport. It is very expensive," Jadhav said.

# Real Madrid beats Pachuca in Intercontinental Cup final

Lusail (Qatar), Dec 19 Real Madrid defeated Mexican team Pachuca 3-0 in the Intercontinental Cup final on Wednesday, making Carlo Ancelotti the most decorated coach in the club's history.This victory marked Ancelotti's 15th title with the Spanish powerhouse, surpassing the 14 trophies won by both him and Miguel Muñoz, who coached the team in the 1960s and 70s."Very happy, it's a triumph," said the 65-year-old Ancelotti, who was named men's coach of the year at FIFA's The Best awards just the day before. "We didn't get off to a good start but finished well, showing great attitude."




**Madrid claims fourth Intercontinental Cup**

Kylian Mbappé, Rodrygo and Vinícius Júnior each scored a goal as Madrid clinched their fourth Intercontinental Cup title. They previously won the prestigious competition in 1960, 1998 and 2002.Pachuca, which has never won the tournament, was defeated by the European champions in the final. The competition, which brings together the champions of all six soccer confederations, is being played in a new format after FIFA expanded the Club World Cup to 32 teams for 2025.

**Mbappé, Rodrygo, Vinícius seal win**

Mbappé, who started after recovering from a left-thigh injury, opened the scoring in the 37th minute with an assist from Vinícius. Rodrygo added a second goal in the 53rd minute, shooting into the corner and Vinícius, named the FIFA men's player of the year on Tuesday.

# Bonmati goal helps Barcelona qualify as group winner in Women's Champions League

Barcelona, Dec 19 Fresh off winning another global award, Spain playmaker Aitana Bonmati scored a crucial goal to help defending champions Barcelona secure a 3-0 victory over Manchester City in their Group D encounter on Wednesday. The win ensured Barcelona finished top of the group, advancing to the quarterfinal.

Bonmati's goal came in the 57th minute when she raced through and slotted the ball between the goalkeeper's legs, doubling Barcelona's lead. The victory saw both teams finish group play tied on 15 points; however, Barcelona progressed as group winners due to a superior goal difference.

Bonmati, who won the last two Ballon d'Or awards in women's soccer, was also named the women's player of the year at FIFA's The Best awards on Tuesday — marking the second consecutive year she received the prestigious honor.Arsenal secured their place as the fourth group winner and the second from England after defeating Bayern Munich 3-2, with Spain striker Mariona Caldentey scoring a match-clinching penalty in the 86th minute.

